वर्ष- 21 अंक - 270 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, मंगलवार 17 मार्च 2026

## कर्नाटक की लड़ाई दिल्ली तक पहुंची

**नई दिल्ली.एजेंसी।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही लड़ाई अब दिल्ली तक पहुंच गई है। मुख्यमंत्री पद की दावेदारी कर रहे कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आज दिल्ली में राज्य के कांग्रेस सांसदों के साथ बैठक करेंगे।

# कातिल पाकिस्तान ने ली 400 की जान

## अफगानिस्तान में अस्पताल पर किया हमला

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

ईरान युद्ध के बीच पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी खूनी जंग चल रही है। रमजान के पाक महीने में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के काबुल में एक अस्पताल पर बड़ा हमला कर बम गिराए जिससे अस्पताल तबाह हो गया और आग लग गई। इस हमले में करीब 400 मरीजों व अन्य लोगों की मौत हो गई। जबकि 250 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पाकिस्तान का कहना है कि उसने आतंकी ठिकानों पर हमला किया। जबकि अफगानिस्तान का कहना है कि नशामुक्ति अस्पताल पर हमला हुआ और इस हमले का बदला जरूर लेंगे। अंतिम समाचार मिलने तक अस्पताल में लगी आग को बुझाने और शवों को निकालने का काम जारी है।

### नाइजीरिया में बम धमाकों में दर्जनों की मौत

उधर पूर्वोत्तर नाइजीरिया के बोर्नो राज्य में कम से कम तीन जगहों पर आत्मघाती हमलावरों ने हमला किया, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए और घायल हो गए।




# आज गैस और तेल लेकर आएंगे दो जहाज

**मंगलवार ● एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के चलते स्ट्रेट




ऑफ होर्मुज के बंद होने के बावजूद, भारत इस जलमार्ग से अपने जहाज निकालने में कामयाब हो रहा है। 'शिवालिक' के बाद अब 'नंदा देवी' और तेल टैंकर 'जग लाड़की' स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करके भारत आ रहे हैं। सोमवार को ही 'शिवालिक' भारत पहुंचा था। 'भारतीय ध्वज वाला जहाज जग लाड़की, जो 14 मार्च को संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ था, लगभग 81,000 टन मुरबन कच्चा तेल लेकर सुरक्षित रूप से भारत की ओर बढ़ रहा है। जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। वो कल तक मुंद्रा पोर्ट पहुंच जाएंगे।' इसी तरह नंदा देवी जहाज में गैस लदा हुआ है।

### जंग के कारण श्रीलंका में भी बढ़ी छुट्टियां

**कोलंबो.एजेंसी।** मिडल ईस्ट में बढ़ते तनाव और गहराते ऊर्जा संकट को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। देश में ईंधन बचाने के लिए अब सरकारी संस्थानों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में हफ्ते में केवल चार दिन ही कामकाज होगा।

### मोजतबा खामेनेई समलैंगिक, बचपन के टीचर संग संबंध

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** क्या ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई समलैंगिक हैं? क्या उनका बचपन के मेल टीचर संग अफेयर था? इसे लेकर एक बड़ा दावा किया गया है। डोनाल्ड ट्रंप को खुफिया ब्रीफिंग में बताया गया कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समलैंगिक हो सकते हैं, जिससे ट्रंप हैरान होकर हंस पड़े।

### महिला से छेड़छाड़ करने वाला रोबोट गिरफ्तार

**मकाउ.एजेंसी।** चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्र मकाउ में एक ह्यूमनॉइड रोबोट को बुजुर्ग महिला को डराने की घटना के बाद पुलिस अपने साथ ले गई। महिला को एहतियात के तौर पर अस्पताल ले जाया गया, हालांकि उसे कोई चोट नहीं आई। घटना के वीडियो में



देखा जा सकता है कि महिला रोबोट से बहस करती हुई दिखाई देती है। थोड़ी देर बाद वहां दो पुलिस अधिकारी पहुंचते हैं और स्थिति को संभालते हैं।

### भारत में 18500 करोड़ का ज्वेलर्स कारोबार प्रभावित

**नई दिल्ली.एजेंसी।** अमेरिका-इजरायल के साथ ईरान युद्ध से भारत का जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट भी सहमा हुआ है और नुकसान की चिंता बढ़ गई है। जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अनुसार, पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध से 2 अरब डॉलर (करीब 18500 करोड़ रुपए) मूल्य के रत्नों और आभूषणों के निर्यात पर असर पड़ सकता है।

### अमेरिकी संगठन ने की संघ और रॉ पर बैन की मांग

**नई दिल्ली.एजेंसी।** केंद्र सरकार ने अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की उस रिपोर्ट को सख्ती से खारिज कर दिया, जिसमें भारत को धार्मिक स्वतंत्रता के कथित उल्लंघन के आधार पर 'कंट्री ऑफ पार्टिकुलर कंसर्न' घोषित करने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट में भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर टारगेटेड प्रतिबंध लगाने की भी बात कही गई है।

### सिलेंडर चुराकर भाग रहे चोरों को आ गई नींद, पकड़े गए

**बाराबंकी.एजेंसी। एलपीजी गैस किल्लत के बीच बाराबंकी से एक अजीब मामला सामने आया है। यहां चोरों ने एक स्कूल के मिड-डे मील का गैस सिलेंडर चोरी कर लिया। लेकिन रात में वे आसपास खेतों में सो गए और सुबह लोगों ने उन्हें सिलेंडर के साथ पकड़ लिया।**

### अब अंडों पर लिखना होगी एक्सपायरी डेट

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश सरकार ने अब अंडों पर भी एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना अनिवार्य कर दिया। 1 अप्रैल से हर अंडे पर एक्सपायरी डेट की मुहर लगाना जरूरी है। उपभोक्ताओं की सेहत की सुरक्षा के लिए सरकार ने यह फरमान जारी किया है। सरकार का मानना है कि कई दुकानदार पुराने अंडे बेचते हैं जो खतरनाक हो सकते हैं।

### ट्रेन की चपेट में आया ऊंटों का झुंड, 6 की मौत

**जैसलमेर.एजेंसी।** राजस्थान के जैसलमेर में ऊंटों का झुंड ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे 6 ऊंटों की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेन को बीच ट्रैक पर ही रोकना पड़ा, क्योंकि 2 ऊंट बुरी तरह ट्रेन के बीच में फंस गए थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऊंटों के शव दूर-दूर तक बिखर गए।



# अब इस्तीफा देंगे नीतीश कुमार

## बिहार में पहली बार बनेगी भाजपा की सरकार

**पटना ● एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल की है। नीतीश कुमार समेत जेडीयू और बीजेपी के सभी पांच उम्मीदवार सफल रहे। अब नीतीश कुमार राज्यसभा में जाएंगे और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। उनके इस्तीफे के बाद बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। अब चर्चा यही है कि नीतीश कुमार कब इस्तीफा देंगे और कब राज्यसभा की शपथ लेंगे। बताया जाता है कि वे 8 या 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो जाएगा और इस्तीफे की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही वह दिल्ली में राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

# गुड़ी पड़वा पर उदय होते भगवान सूर्य को दिया जाएगा अर्घ्य

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**राजवाड़ा, बड़ा गणपति और चाणक्यपुरी क्षेत्र में होंगे आयोजन**

हिन्दू नववर्ष दो दिन बाद चैत्र नवरात्रि के दिन शुरू होगा और इस दिन को गुड़ी पड़वा के रूप में हिन्दू समाज मनाता है। सांसद शंकर लालवानी राजवाड़ा पर संस्कार भारती और लोक संस्कृति मंच के अलावा नगर निगम के साथ मिलकर 19 मार्च की सुबह उदय होते भगवान सूर्य के अर्घ्य का आयोजन करवा रहे हैं। आयोजन में कई राजनेता, संत और समाजसेवी मौजूद रहेंगे। अविनाश मोतीवाले, पीयुष शर्मा ने बताया कि राजवाड़ा पर संस्कार भारती की ध्येय गीत के अलावा बृजमोहन का बमरीले का वायलिन वादन और कथक नृत्य की प्रस्तुति प्राजक्ता दातार और प्रेशियस पाटीदार द्वारा प्रस्तुत होगी। रामधुन की प्रस्तुति भी होगी, रंगोली का निर्माण भी किया जाएगा। बड़ी गुड़ी भी सजाई जाएगी और उसके बाद उदय होते भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। निमोली का वितरण भी होगा। विलास सप्रे, सुधीर सूबेदार ने बताया कि अण्णा महाराज, दादू महाराज सहित कई संत भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी के पहुंचने की भी संभावना है।

वहीं संस्था सार्थक और भाजपा से जुड़े पूर्व पार्षद दीपक जैन टीनू इस वर्ष भी बड़ा गणपति चौराहा पर गुड़ी पड़वा 19 मार्च हिन्दू नववर्ष की अगवानी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर आयोजन करेंगे। अर्घ्य के बाद समाजसेवी और युवा प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। यहां भी भाजपा से जुड़े कई राजनेता, जनप्रतिनिधि, संत और सामाजिक लोग भी भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान मौजूद रहेंगे। वहीं चाणक्यपुरी चौराहा पर भी गुड़ी पड़वा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य का आयोजन किया जएगा। विधायक मधु वर्मा, एमआईसी बबलू शर्मा सहित अन्य जिसमें संत भी है मौजूद रहेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव संभवतः तीनों ही जगह मौजूद रहेंगे।

## कांग्रेस नेताओं ने ली प्रस्तावित गाइड लाइन पर आपत्ति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता नकुल पाटोदी, मधुसूदन भलिका ने जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर प्रस्तावित गाइड लाइन के विषय पर आपत्ति ली है और प्रश्न भी किया कि क्या पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग म.प्र. सरकार अंग नहीं है। क्योंकि सरकार और विभाग की कथनी-करनी में अन्तर दिखाई देता है। एक तरफ सरकार इन्वेस्टर समिट करती है और उसमें उद्योग, व्यापार को स्थापित करने के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती है और उद्योगों को रियायती दरों पर जमीन, बिजली, पानी देने की घोषणाएं की जाती है और उधर पंजीयन व मुद्रांक विभाग औद्योगिक भूमिका मूल्यांकन में अधिक पैसा लेकर लूट किए हुए हैं। पहले औद्योगिक उपयोग के भूखण्ड भूमि की गाईडलाइन आवासीय भूमि भूखण्ड से 40% कम रहती थी, यह छूट क्यों समाप्त की गई। मास्टर प्लान में वर्णित उपयोग में जो भूमि औद्योगिक उपयोग की है उसकी कीमत अलग क्यों नहीं रखी जाती है। निर्माण लागत में दर आवासीय की दर से 40% कम करके मूल्यांकन किया जाता है, तो फिर प्लाट भूमि पर छूट क्यों नहीं। अगर पंजीयन मुद्रांक विभाग सरकारी है, तो सरकारी नीति नियम का पालन करें, छूट शुरू करें, दर अलग रखी जाए।

## गांधी भवन में बैठक के दौरान नियुक्तियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



राजीव विकास केन्द्र ने गांधी भवन में बैठक के दौरान दो पूर्व पार्षद और 15 मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्षों की घोषणा की। रायमुनि भगत को शहर महिला राजीव विकास केन्द्र का अध्यक्ष और अशोक जारवाल को नगर इकाई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष, सन्नी राजपाल को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं मोर्चा एवं प्रकोष्ठ व शहर-जिला में भी घोषणा की गई। वहीं उच्च और शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष अजय काजले, पुजारी प्रकोष्ठ में कमलेश पाठक, जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ में निहार बबलू यादव, परिवहन प्रकोष्ठ में पीयुष भिटे, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ में आनन्द वाघ, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में शांतिलाल सैनी, विधि प्रकोष्ठ में सुरेन्द्र सिंह शेर, चिकित्सा प्रकोष्ठ में सुधीर पंडित, संस्कृति प्रकोष्ठ में अभिषेक गावड़े, रजक समाज प्रकोष्ठ बबलू बेजोड़, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अमजद पटेल, जिला झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ दीपू पंवार को नियुक्त किया। यह सभी पदाधिकारी चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े और देवेन्द्रसिंह यादव के मार्गदर्शन में काम करेंगे।

## सांवेर कांग्रेस मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे ने संगठन के सांवेर विधानसभा के मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां की। पहले भी दो बार अलग-अलग क्षेत्रों की नियुक्ति की गई है। कल यह नियुक्तियां की गई जिसमें सांवेर विधानसभा के बुढ़ी बरलाई अमित पटेल, सांवेर डकाच्या के मंडल अध्यक्ष पद पर जीवन चंपालाल पटेल, मांगलिया में भक्त ध्रुव अवस्थी, केलोदहाला में जालमसिंह सिसोदिया को वहीं सेमलिया चाऊ गुलशन भगवान, खुडैल में अंकित पांचाल, पैडमी में मानक डांगी, क़म्पेल में संजय पटेल, असरावद में अर्जुनसिंह तंवर को मंडल अध्यक्ष बनाया गया।

# कांग्रेस मोर्चा प्रकोष्ठ को कार्यक्रम के पहले देना होगी अध्यक्ष और संगठन महामंत्री को जानकारी

## कल चार घंटे तक हुआ प्रशिक्षण, इंदौर से भी पहुंचे थे दोनों जिम्मेदार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**



प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश भर के 72 संगठन महामंत्री को प्रशिक्षण बैठक में बुलवाया था उस बैठक में 60 ही महामंत्री पहुंचे। जिन्हें 4 घंटे तक महेन्द्र जोशी, संजय कामले और आईटी विशेषज्ञों ने प्रशिक्षित किया। अब इंदौर में भी हर विधानसभा के अनुसार शहर और जिला में निर्वाचन जैसा नक्शा बनाना होगा बस अन्तर यह होगा कि उस विधानसभा के नक्शे में ब्लॉक, मंडलम और बूथ को दर्शाना होगा और उसी नक्शे के आधार पर ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम और बूथ प्रभारी काम करेंगे। इन सभी ब्लॉक, मंडलम और बूथ पदाधिकारियों को ट्रेनिंग देने भी भोपाल से ट्रेनर आएंगे और उनके साथ प्रभारी संगठन महामंत्री भी रहेंगे, जिससे ब्लॉक, मंडलम और बूथ पदाधिकारियों को ट्रेंड किया जा सके और भाजपा की केन्द्र, प्रदेश और निगम परिषद के खिलाफ समय-समय पर मुद्दे उठाए जा सके। धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन किए जा सके। महत्वपूर्ण बात यह रही कि कांग्रेस के मोर्चा और प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी मनमर्जी से कांग्रेस के बैनरतले कोई भी कार्यक्रम नहीं कर सकेंगे इन मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष और पदाधिकारियों को सबसे पहले कांग्रेस संगठन महामंत्री को जानकारी देना होगी और फिर संगठन महामंत्री के अलावा अध्यक्ष और फिर प्रदेश संगठन को भी जानकारी भेजेंगे और कार्यक्रम होने के बाद भी पूरी जानकारी भोपाल संगठन को जाएगी। कुल मिलाकर कांग्रेस के सेवादल, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस और भाराछासं पर नकेल कसने और उनके माध्यम से काम कराने का काम भी कांग्रेस ने शुरू कर दिया है। सभी संगठन महामंत्री के फोटो, ई-मेल, पता सहित पूरी जानकारी भी एकत्रित की गई। सभी के अलग ग्रुप भी प्रदेश स्तर पर बनाए गए हैं। इंदौर से संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल और जिला से दौलत पटेल भी इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण बैठक में मौजूद थे।

## कांग्रेस संगठन प्रभारी से मुलाक़ात



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी संजय कांबले से युवा नेता राहुल निहोरे ने मुलाक़ात की। निहोरे द्वारा मजदूरों एवं दलित आदिवासी वर्ग के लिए किये जा रहे कार्यों की संजय कांबले ने सराहना की।

## प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मुलाकात



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली प्रवास के दौरान सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कर उनका अमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि भेंट के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसान हित में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों, गतिविधियों एवं राज्य की प्रगति से भी अवगत कराया।

## पार्षद रहे फिल्म शतक आयोजन में मौजूद



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीयता, संस्कार और सेवा के भाव को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल वार्ड क्रमांक 82 के परिवार को फिल्म शतक दिखाने का आयोजन किया गया। नितिन शर्मा शानू ने बताया कि वार्ड 82 के लोग परिवार सहित संघ से जुडी इस फिल्म को देखने पहुंचे। इस आयोजन में बडी भूमिका पार्षद नितिन शर्मा शानू की बताई गई। फिल्म प्रदर्शन के दौरान शानू शर्मा मौजूद रहे।

# मंडी व्यापारियों की नो एंट्री हड़ताल पर भड़के किसान

## कहा-पहले देना थी काम बंद रखने की जानकारी तो हम नहीं आते, आज करो काम, नारेबाजी की

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि






आज सुबह छावनी अनाज मंडी में विचित्र स्थिति उस समय पैदा हो गई जब नो एन्ट्री से परेशान मंडी व्यापारियों ने अचानक सुबह हड़ताल का ऐलान कर दिया और व्यापारियों की दुकान के पट बंद हो गए। इधर हड़ताल की जानकारी किसानों को नहीं थी और किसान आज सुबह छावनी अनाज मंडी में अपना माल बेचने सामान लेकर पहुंच गए और उन्हें जब जानकारी लगी कि मंडी व्यापारी आज हड़ताल पर है तो हड़ताल के विरोध में किसान भड़क गए और एक-दूसरे से किसानों ने चर्चा की और एकजुट होकर मंडी अधिकारी और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी कर दी। किसान नारेबाजी कर मांग कर रहे थे कि हड़ताल करना थी तो किसानों को एक दिन पहले सूचना दे देना चाहिए था, जिससे वह अपना माल लेकर मंडी में नहीं आते। किसान मांग करते रहे कि व्यापारी अपनी हड़ताल समाप्त करें और नीलामी शुरू कर माल की तुलाई करें। हड़ताल करना है तो कल से करें और उसके लिए पहले जानकारी मुहैया कराए। किसानों का कहना था कि वे कई किलोमीटर दूर से अपनी फसल लेकर पहुंचे हैं, कई गाड़ियां भी किराये की लेकर आए हैं और किसान एक दिन बाद तक रूक नहीं सकता। इसलिए किसानों ने आज एकजुटता दिखाई और किसानों की गाड़ियां आज मंडी के गेट के बाहर कतारबद्ध खड़ी नजर आई, जिससे यातायात भी प्रभावित होता रहा। इधर व्यापारियों ने आज सुबह से अपनी दुकान के गेट



और शटर नहीं खोले और जिनकी दुकान के गेट और शटर खुले थे वे भी अन्दर बैठकर अपना हिसाब निपटा रहे थे, लेकिन उन्होंने नीलामी में हिस्सा नहीं लिया। कुछ किसानों ने मंडी अधिकारियों से भी कहा कि वे व्यापारियों की हड़ताल तुड़वाए और पुलिस से बात कर नो एन्ट्री का मुद्दा सुलझाए, लेकिन किसान को परेशान नहीं करे। कुछ किसानों का कहना था कि वे इसकी शिकायत सीधे भोपाल तक करेंगे।

# महालक्ष्मी नगर में हटाई चौपाटी

## अवैध रूप से लोगों ने लगा ली 40 दुकान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि




इंदौर नगर निगम की रिमूवल गैंग के द्वारा आज सुबह से कार्रवाई करते हुए महालक्ष्मी नगर से चाट चौपाटी हटाई। यहां पर अवैध रूप से व्यापारियों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करते हुए करीब 40 दुकान लगा ली गई थी। इसमें कुछ गुमटी हैं, तो अधिकांश ठेले। नगर निगम के द्वारा पिछले कुछ दिनों से यहां पर दुकान लगाने वाले लोगों को यह चेतावनी दी जा रही थी कि इस स्थान से दुकान हटा लें। निगम की इस चेतावनी का भी जब लोगों पर कोई असर नहीं हुआ तो फिर निगम के द्वारा आज यहां रिमूवल की कार्रवाई करने का फैसला लिया गया है। निगम के






अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह से इन सभी दुकान और ठेलों को हटाने का काम किया गया। जेसीबी से अस्थाई कब्जे किए चद्दर के टीन शेड भी हटाए गए और ठेले गुमटियों को निगम ने जब्त भी किए। कई दुकानें जेसीबी से नेस्तनाबुद की गई। इस दौरान कब्जाधारी विरोध करते भी देखे गए, लेकिन किसी की कोई नहीं चली। बताया जा रहा है कि मेघदूत चौपाटी से जब फूड स्टाल वालों को हटाया गया था तो उनमें से कुछ लोग यहां शिफ्ट हुए थे और कुछ गिनती के सराफा के चौपाटी वाले भी यहां पहुंच गए थे। अब वे भी यहां से हटा दिए गए हैं।

# निगम के कार्यक्रम में भाग लेने आएंगे मुख्यमंत्री

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 19 मार्च को इंदौर नगर निगम के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम के द्वारा निपानिया के तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस काम को किया जा रहा है। इस काम का शुभारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री पहुंच रहे हैं। आज सुबह ही नगर निगम और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने की सहमति की सूचना प्राप्त हुई है। यह सूचना मिलने के बाद अब नगर निगम के द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी को आकार देने का काम शुरू कर दिया गया है।

# पार्षद का किया सम्मान



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पार्षद महेश बसवाल साहू समाज के आयोजन माँ कर्मा देवी के भंडारा प्रसादी में पहुंचे तो वहां समाजजनों ने बसवाल का सम्मान किया। दुर्गेश मिंजवा, गोपाल सिंगार, दीपक पाल, दिनेश रोकड़े मौजूद थे।

# सम्पत्ति में महिला भागीदारी को लेकर लिखा पत्र

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

अधिवक्ता सरोज अग्रवाल, बीना जाट, भार्गवी द्विवेदी ने जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को पत्र लिखकर महिलाओं की सम्पत्ति में भागीदारी को लेकर सवाल किए। पत्र में लिखा कि प्रदेश सरकार लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चला रही है और दूसरी तरफ पंजीयन मुद्रांक विभाग भी शासकीय होने के बावजूद महिलाओं के हित में सही पहल नहीं कर रहा है। अगर सम्पत्ति केवल महिला ने खरीदी है तो ही छूट मिलेगी यह उचित नहीं है। इसके लिए 2003 की नीति अपनाना चाहिए। अगर महिला अपने पिता, भाई के साथ या अन्य हिस्से में हैं तो भी छूट मिलना चाहिए। महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए चल रही योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिलना चाहिए। पत्र में यह भी बताया कि अगर महिला कम्पनी में भागीदार है, डायरेक्टर या संचालन होकर उद्योगपति है, फिर भी रजिस्ट्री में 2 प्रतिशत ही छूट पंजीयन मुद्रांक विभाग दे रहा है। इससे लगता है कि प्रदेश सरकार के दावे झूठे हैं। सहस्वामित्व में पति, पिता, ससुर, माता-पिता तो जोड़ दिया तो सास, भाई, नाना-नानी, बहन भी जोड़ा जाए। परिवार परिभाषा की जद में रखा जाए। अगर परिवार संयुक्त रूप से सम्पत्ति खरीदता है तो छूट मिलना चाहिए, इससे महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ेगी और हकीकत सरकार की सामने आएगी। विभाग को चाहिए कि उचित फोरम पर सही ढंग से मुद्दे को भेजकर कार्रवाई शुरू करवाएं और महिला हित में पूरी छूट दिलवाए।

# शहर की 29 बस्तियों को स्वच्छता में नंबर एक बनाने का अभियान शुरू



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा शहर की 29 बस्तियों को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के अभियान को आज से शुरू किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा किया गया।**

निगम के द्वारा आज से 23 मार्च तक बस्ती बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा है। आज शिव नगर बस्ती बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे पानी की टंकी के पास वार्ड नंबर 31 में स्वच्छ चौपाल का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत रह वासियों के साथ कचरा संग्रहण एवं सेग्रीगेशन पर संवाद किया गया। महापौर व आयुक्त द्वारा क्षेत्रीय रह वासियों के साथ सफाई अभियान में सम्मिलित होकर श्रमदान किया गया है। भार्गव ने कहा कि इंदौर के स्वच्छता अभियान में इंदौर शहर की बड़ी-बड़ी कॉलोनी के साथ ही स्लम और छोटी-छोटी बस्तियो का महत्वपूर्ण सहयोग है। इस अवसर पर महापौर द्वारा क्षेत्रीय नागरिकों से स्वच्छता पर संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत बस्ती की महिलाओं से पूछा कि आप कितने प्रकार का कचरा संग्रहित करती हैं, कचरा संग्रहण वहां में कितने प्रकार के कचरे दिए जा सकते हैं, जिस प्रकार घर के अंदर सफाई करते हैं क्या इस प्रकार घर के बाहर रोड पर भी सफाई का कार्य आप करते हैं। घर से निकलने वाले अनुपयोगी सामान का आप क्या करते हैं, इस पर क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा स्वच्छता में सहयोग करने एवं अलग-अलग कचरा संग्रहण के संबंध में महापौर को जानकारी दी गई।

बस्ती बेमिसाल अभियान कार्यक्रम के पश्चात महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा शिव नगर बस्ती निवासी गब्बर कनीराम सिरसाटे के घर में पहुंचकर परिवारजन से मुलाकात करते हुए परिवारजन के साथ चाय पी। सिंघल ने कहा कि आज से प्रारंभ बस्ती बेमिसाल अभियान के अंतर्गत शहर की 29 स्लम बस्तियों में स्वच्छता को लेकर अलग-अलग आयोजन किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर की स्वच्छता अभियान में इंदौर की स्लम एवं बस्तियों का महत्वपूर्ण स्थान है।



# ड्रेनेज लाइन से परेशानी पर नाराजगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विधानसभा 4 वार्ड 83 स्थित गुमाश्ता नगर के रहवासी प्रेम गुप्ता ने बताया कि अरिहंत अस्पताल वाली गली में ड्रेनेज लाइन डालने का काम चल रहा है। पुराने चेम्बर की लाइनों को नए चेम्बर से जोड़ा जा रहा है। गुप्ता ने यहां तक कहा कि ठेकेदार ज्यादा पैसे मांगकर परेशानी पैदा कर रहे हैं। इन पुराने चेम्बर की जगह नए चेम्बर से घरों की लाइन मिलाई जा रही है और ठेकेदार के लोग महंगे प्लास्टिक का पाइप लाने की बात कर अनुचित पैसे मांग रहे हैं। प्रेम गुप्ता का कहना है कि जब लाइनें निगम ही ठेकेदार से तुड़वा रहा है तो पाइप लाइनें और कार्य कराने का काम या तो ठेकेदार का होना चाहिए या फिर निगम को इसका भुगतान करना चाहिए।

# डीजल भट्टी से हो रहा प्रदूषण

## लागत भी बढ़ी, उपयोग करने में भी हो रही दिक्कत





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। कमर्शियल एलपीजी की सप्लाय फिलहाल शुरू नहीं हुई है, हालांकि शुरू करने के आदेश जरूर मिल चुके है लेकिन फिलहाल आपूर्ति नहीं हो रही है, ऐसे में शहर के खानपीन के व्यापारी इंडक्शन, डीजल भट्टी और कोयला भट्टी का उपयोग कर रहे है। बताया जा रहा है कि डीजल भट्टी से प्रदूषण भी हो रहा है। दूसरी ओर गैस भट्टी के अलावा अन्य संसाधनों के उपयोग करने की आदत दुकानदारों को नहीं है, ऐसे में इन संसाधनों का उपयोग करने में भी दुकानदारों को परेशानी आ रही है। सभी संसाधनों की स्पीड ग़ैस भट्टी जैसी नहीं है, ऐसे में समय भी ज्यादा लग रहा है, डिमांड को देखते हुए दाम भी संसाधनों के बढ़ चुके है। वहीं उपलब्धता भी नहीं है।



# पेड़ गिरा तो कई क्षेत्र में हो गया अंधेरा

## शबे कद्र ताक रात में मुस्लिम समाजजन कर रहे थे इबादत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कल रात विधानसभा 3 के हैमिल्टन रोड जहां पालीवाल धर्मशाला है उसके समीप सालों पुराना नीम का हरा-भरा पेड़ कल रात करीब 12.30 बजे धराशायी हो गया, जिसकी चपेट में विद्युत तार भी आए, इससे एक रोड एमजी रोड पर मिलता है और एक रोड रामबाग पर मिलता है और एक छोर बड़वाली चौकी की ओर जाता है। तार पर पेड़ गिरने से विद्युत तार टूट गए और चौतरफा लाइटें बंद हो गई। कल रात मुस्लिम समाजजनों क़ी इबादत की रात थी और कल पांचवीं ताक रात के साथ शबे कद्र का आयोजन भी था और बड़वाली चौकी क्षेत्र में तकरीर का आयोजन भी चल रहा था उसी दौरान यह लाइट बंद हो गई, मुस्लिम समाजजनों ने विद्युत मंडल को फोन घनघनाए। आखिरकार रात 2 बजे लाइट आई, लेकिन तब तक इबादत में दिक्कतें आई।

# बाबा साहब के अनुयायियों की मेहमानों की तरह होगी आवभगत

## कलेक्टर वर्मा ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

## 14 अप्रैल को महू में होगा समागम, तैयारियां शुरू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनकी जन्म स्थली स्मारक महू में समागम होगा। इसके लिए तैयारियां अंतिम दौर में है। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। बाबा साहब के अनुयायियों की मेहमानों की तरह आवभगत की जाएगी।**

डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जन्मस्थली स्मारक पर बाबा साहब अम्बेडकर को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं क़ी मेहमानों की तरह राज्य शासन द्वारा आवभगत की जाएगी। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की जाएगी। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की जाएगी। फूलों और विद्युत रोशनी से सजावट होगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कल डॉ. अंबेडकर नगर (महू) पहुंच कर जयंती उत्सव में की जाने वाली व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अंतिम रूप दिया। कलेक्टर वर्मा ने आयोजन की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली और स्मारक का अवलोकन भी किया। कलेक्टर वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे कि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए है। 14 अप्रैल को प्रभातफेरी अम्बेडकर संस्थान द्वारा निकाली जायेगी जो महू के क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। 13 अप्रैल को रात्रि में अम्बेडकर जन्मस्थली पर संस्थान द्वारा भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। अम्बेडकर जयंती उत्सव समारोह में अन्य प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु आयेंगे। श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो जाएगा। श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की जायेगी। यह व्यवस्था 12 अप्रैल की शाम से प्रारंभ हो जाएगी। कुल मिलाकर कार्यक्रम में शामिल होने आए श्रद्धालुओ की सुगमता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रुपेश द्विवेदी, एसडीएम महू राकेश परमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कचोरी बनाने के लिए लग गई भट्टी, इंडेक्सन पर बनने लगी चाय

## कमर्शियल उपयोग के लिए गैस सिलेंडर देने की नहीं बन सकी नीति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**कई देशों के बीच चल रहे युद्ध के कारण भारत में पैदा हुए गैस की टंकी के संकट का असर इंदौर में नजर आना शुरू हो गया है। अब होटल पर कोयले की भट्टी में कचोरी समोसे बनना शुरू हो गए हैं तो इंडेक्स चूल्हे पर चाय बनाई जा रही है।**

इंदौर में लोगों को घर में उपयोग के लिए गैस की टंकी मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा भरसक कोशिश की जा रही है। प्रशासन की इस कोशिश का ही यह परिणाम था कि रविवार के दिन भी इस बार गैस एजेंसी चालू रही और



एजेंसी के द्वारा नागरिकों की गैस के सिलेंडर की न केवल बुकिंग की गई बल्कि उसकी घर पर जाकर डिलीवरी भी की गई। प्रशासन की ओर से नागरिकों को आसानी से गैस उपलब्ध कराने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

इन सारी कोशिशें के बीच में अब समस्या उन लोगों को आने लगी है जो की गैस का व्यावसायिक उपयोग करते हैं। इन लोगों के द्वारा गैस की व्यावसायिक उपयोग की टंकी ही ली जाती है। अभी किसी भी गैस एजेंसी के द्वारा व्यावसायिक उपयोग की टंकी का सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इस स्थिति के कारण एक तरफ जहां होटल वालों को समस्या आ रही है तो वहीं दूसरी तरफ छोटे-छोटे नाश्ते के ठिकाने पर भी समस्या आना शुरू हो गई है। इंदौर का सबसे प्रमुख नाश्ता पोहा के साथ में कचोरी समोसा आलू बड़ा, ब्रेड बड़ा होता है। अब कई दुकानों पर यह नाश्ता कोयले की भट्टी में बनाने का काम शुरू हो गया है। कोठारी मार्केट में जिस स्थान पर अब तक गैस की टंकी से चलने वाली भट्टी पर यह नाश्ता बनाया जाता था वहां पर कल से कोयले की भट्टी में नाश्ता बनना शुरू हो गया है। इसके साथ ही बहुत सारी चाय की दुकान पर अब चाय इंडेक्स चूल्हा पर बनने लगी है। इन स्थानों पर भी अब तक चाय गैस की टंकी से चलने वाले स्टोव पर बनती थी।

### चूल्हे की कीमत भी बढ़ गई

कोठारी मार्केट में जिस दुकान पर अब कोयले की भट्टी में नाश्ता बनाने का काम हो रहा है वहां पर दुकान के संचालक ने कहा कि अभी तक कोयले की यह भट्टी 1000 रु. में आ जाती थी। अब बदले हुए हालात में इसकी कीमत बढ़कर 4000 रु. हो गई है। इसके साथ ही कोयले और लकड़ी के दाम भी मनमाने तरीके से बढ़ा दिए गए हैं।

# नवरात्रि में नए एमवाय अस्पताल का काम शुरू करने की तैयारी

### 3 साल में बन कर तैयार होगा, 775 करोड़ के बजट वाला नया अस्पताल

**मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में होंगे 1610 बेड, 320 होंगे आईसीयू**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**आगामी नवरात्रि त्योहार के दौरान एमवाय अस्पताल के नए एमवाय अस्पताल का काम शुरू करने की तैयारी है। यह नया अस्पताल 3 साल में बनकर तैयार होगा और मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल होगा।**

राज्य सरकार के द्वारा न केवल इंदौर बल्कि पूरे मालवा अंचल और पश्चिम निमाड के गरीब मरीजों के उपचार के सबसे बड़े केंद्र महाराजा यशवंत राव अस्पताल का नवनिर्माण करने का फैसला लिया गया था। इंदौर के राजवाड़ा में आयोजित की गई मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। उसके बाद से इस कार्य के शुरू होने की प्रतीक्षा की जा रही थी। राज्य सरकार के द्वारा इस कार्य को अंजाम देने के लिए मध्य प्रदेश बिल्डिंग कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस कारपोरेशन के अधिकारी इंदौर जाकर साइड विजिट कर चुके हैं। इन अधिकारियों के द्वारा नए अस्पताल का निर्माण करने के लिए पूरा प्रोजेक्ट और साइड प्लान तैयार कर लिया गया है।

यह अस्पताल मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा अस्पताल होगा। इसके निर्माण पर 775 करोड रुपए की राशि खर्च होगी। इस अस्पताल में मरीज के लिए 1610 बिस्तर बनाए जाएंगे। इस अस्पताल के परिसर में हरे भरे गार्डन के साथ ही सभी आधुनिक सुविधाएं भी जुटाई जाएगी। इस अस्पताल में 1290 जनरल बेड होंगे जबकि 40 प्राइवेट और 320 आईसीयू के बेड होंगे। अस्पताल में 34 ऑपरेशन थिएटर बनाए जाएंगे। इस अस्पताल को मध्य प्रदेश के सबसे आधुनिक और बेहतर अस्पताल के रूप में तैयार करने की कोशिश की जा रही है।

इस अस्पताल का निर्माण कार्य करने के लिए सरकार के एजेंसी के द्वारा टेंडर जारी किया जा चुका है। यह अस्पताल वर्तमान परिसर के क्षेत्र में ही बनाया जाएगा। इसके निर्माण को नवरात्रि के दौरान शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

# सभी वार्डों में एक साथ कल निगम का स्वच्छता सर्वेक्षण

### विजेता वार्ड के पार्षद का होगा सम्मान

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इंदौर नगर निगम के द्वारा कल बुधवार को शहर में एक साथ सभी 85 वार्ड में स्वच्छता का सर्वेक्षण किया जाएगा। इस सर्वेक्षण में शहर का सबसे स्वच्छ जो वार्ड पाया जाएगा वहां के पार्षद का सम्मान निगम के द्वारा किया जाएगा। पिछले शुक्रवार को ही इंदौर नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के परियोजना समन्वयक अमित दुबे के द्वारा सभी वार्डों में किए जाने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में वह सभी लोग शामिल थे जो कि सर्वेक्षण को अंजाम देने का काम करेंगे। इसके बाद से पिछले तीन दिनों में इन सभी लोगों के अलग-अलग प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए गए हैं। बैठक और प्रशिक्षण पूरा होने के बाद अब नगर निगम शहर के सभी वार्डों में स्वच्छता का सर्वेक्षण करने के लिए तैयार है। भारत सरकार के द्वारा किए जाने वाले स्वच्छता के सर्वेक्षण के पहले नगर निगम के द्वारा खुद ही अपने शहर में स्वच्छता का सर्वेक्षण किया जा रहा है। दुबे ने बताया कि यह स्वच्छता सर्वेक्षण 400 अंक का होगा। जिस तरह से भारत सरकार के द्वारा भेजे गए दल के द्वारा सर्वेक्षण किया जाता है उसी तरीके से यह सर्वेक्षण किया जाएगा। जो कुछ भारत सरकार का दल अपने सर्वेक्षण के दौरान देखता है वह सब कुछ नगर निगम के दल के द्वारा कि सर्वेक्षण के दौरान चेक किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के लिए पहले से ही निगम के द्वारा घोषणा कर दी गई थी। इसके साथ ही पार्षदों को भी यह बता दिया गया था कि यह स्वच्छता सर्वेक्षण आयोजित किया जाने वाला है। वैसे भी हर साल सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर निगम का इस तरह का स्वच्छता का सर्वेक्षण होता ही है। यह स्वच्छता सर्वेक्षण कल से शुरू होगा और एक दिन का ही होगा। इस सर्वेक्षण के परिणाम की घोषणा बाद में की जाएगी। इस सर्वेक्षण में शहर का जो वार्ड सबसे स्वच्छ वार्ड के रूप में उभर कर सामने आएगा उस वार्ड के पार्षद का नगर निगम के द्वारा समारोह पूर्वक सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही उस वार्ड को विकास के लिए अतिरिक्त गिफ्ट भी दिया जाएगा।

# नगर निगम ने एमओएस टैक्स की वसूली शुरू की, निगम आयुक्त बोले ओपन प्लाट का ले रहे हैं टैक्स

### शहर वासियों ने कहा कि टैक्स तो टैक्स है चाहे नगर निगम लगाए या राज्य शासन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

नगर निगम ने शहर वासियों पर मार्जिन आफ स्पेस अर्थात एमओएस टैक्स संपत्ति करदाताओं से वसूलना शुरू कर दिया है इसके लिए संपत्ति कर के बिल में ही ओपन प्लांट की दर से एमओएस वाले हिस्से की गणना कर उस एरिया का टैक्स जोड़ दिया गया है जिससे लोगों के संपत्ति कर में दो से 3000 की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि बीते दिनों एमआईसी बैठक में नगर निगम की जमीनों को बेचने का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया जिसके चलते नगर निगम की आय प्रभावित होगी इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने अब 2020 में जारी किए गए आदेश का पालन करवाना शुरू कर दिया है। इधर नया टैक्स लगते ही लोग हलकान हो रहे हैं क्योंकि निगम द्वारा लगातार टैक्स पर टैक्स थोपा जा रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम पूरे शहर से संपत्ति कर वसूलने में असमर्थ है जिसके कारण लोगों पर करों का बोझ डाला जा रहा है।

वहीं कांग्रेस को नगर निगम द्वारा नया टैक्स मार्जिन का स्पेस के विरोध पर आम नागरिकों का साथ मिल रहा है। नया टैक्स लगाने पर लोगों में निगम के प्रति आक्रोश है। लोगों का कहना है कि हर साल बजट में महापौर कोई भी नया कर नहीं बढ़ने का वादा जनता से करते हैं लेकिन शहर वासियों से धोखेबाजी कर नया टैक्स जोड़ दिया जाता है। पहले रेट जोन में परिवर्तन करके लोगों के टैक्स 1500 से 2000 रु. तक बढ़ा दिए गए इसके बाद सुपर बिल्डर एरिया का टैक्स भी नगर निगम द्वारा लिया जाने लगा। अब मार्जिन आफ स्पेस का टैक्स भी वसूला जा रहा है, जो कि शहर वासियों के साथ नाइंसाफी है। नगर निगम अपने कमर्शियल आय के स्रोत बढ़ा ने में असफल रहा है यही कारण है, 5 साल पुराने आदेश जो की नगरीय निकायों को कोरोना कल में हुई आर्थिक क्षति की भरपाई करने के लिए लगाया गया था उसकी वसूली की जा रही है। एडवोकेट चंचल गुप्ता ने बताया कि नगर निगम शहर में अवैध कॉलोनी से टैक्स वसूली नहीं कर पता है जबकि इन कॉलोनी में पानी बिजली सड़क सहित कई सुविधाएं दी जा रही है इस पर होने वाला खर्च नगर निगम के ऊपर बोझ बन रहा है और इसी की भरपाई करने के लिए ईमानदारी से टैक्स जमा करने वाले लोगों पर नए-नए टैक्स लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस टैक्स को लेकर कोर्ट की शरण ली जाएगी। नगर निगम द्वारा शहर वासियों के साथ नाइंसाफी करते हुए स्मार्ट सिटी योजना के तहत एबीडी एरिया में टैक्स वसूली की जाएगी, जिसके कारण स्मार्ट सिटी एरिया में घर का नक्शा पास करना मुश्किल हो गया है जिसके कारण अवैध निर्माण तेजी से बढ़ रहे हैं और नगर निगम को कोई टैक्स नहीं मिल रहा। इस आर्थिक क्षति को पूरा करने की बजाय नगर निगम आम नागरिक जो ईमानदार कर देता है उसके ऊपर बोझ डाल रहा है। नगर निगम के पास ऐसे कहीं सोर्स हैं जिनसे आर्थिक तंगी को दूर किया जा सकता है।

वही नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौक से ने बताया कि यह शहरवासियों के साथ नाइंसाफी है, जो इंदौर शहर को देश दुनिया में सम्मान दिला रहे हैं उन संपत्ति करदाताओं पर टैक्स थोपा जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस सड़क से लेकर संसद और न्यायालय तक जाएगी। रेट जोन परिवर्तन, सुपर बिल्ट अप एरिया के बाद नया टैक्स लगाया जा रहा है यह आम लोगों की कमर तोड़ने वाला काम महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा किया जा रहा है, जिसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना होगा। नगर निगम को एडवांस टैक्स देने वाली करदाता सीमा चौरसिया ने बताया कि बताया कि महापौर अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते केवल राज्य शासन के निर्णय को लागू करने की मजबूरी बताकर लोगों से जबरिया वसूली नहीं की जा सकती, बीते दिनों महापौर ने यह टैक्स नगर निगम द्वारा नहीं लगाए जाने का हवाला दिया था।

# अग्रवाल और वैश्य परिचय सम्मेलन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा अग्रवाल वैश्यजनों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन ओंकारेश्वर में 650 प्रविष्टियों के साथ हुआ। 115 युवाओं ने मंच से परिचय दिया, कई रिश्तों पर बात चल रही है। शिव जिंदल, राजेश गर्ग, निवोद गोयल, कमलेश मित्तल, विजय गर्ग, सविता जिन्दल, अनिता एरन, संगीता गोयल, सुमन गोयल, अनिता एरन, कविता अग्रवाल, निशा अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, राजकुमार बंसल, सतीश गोयल, जगदीश बंसल, गोपाल गर्ग, हरीश अग्रवाल, निरंजन गुप्ता, गजेन्द्र अग्रवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

## 190 मरीजों ने लिया लाभ



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन, चोईथराम नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान मे पालदा पर नेत्र शिविर में 190 मरीज ने नेत्र परीक्षण कराए। 105 लोगों को रियायती दरों पर चश्मे दिए। 21मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया।



# 5 हजार मिट्टी सकोरों का होगा वितरण

*स्कूल से हुई अभियान की शुरूआत*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत ने बताया कि इस वर्ष भी गर्मी में पक्षियों की जल सेवा के लिए 5 हजार मिट्टी के सकोरों का लक्ष्य रखा गया है। इसकी शुरूआत बिजलपुर शासकीय स्कूल में सकोरे वितरण कर की गई। प्रकाश मानावत, आशीष शिंदे, प्रीति पंत,सुनील चौधरी, नितिन पाठक, ममता निम, प्रीति नीमा, वंदना शर्मा मौजूद थे।

# गणगौर गीतों पर 150 महिलाओं ने किया नृत्य



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। उमेश नगर महिला मंडल से जुड़ी 150 मातृशक्तियों ने गणगौर माता का जयकारों के साथ बाना निकाला। गणगौर गीतों पर मातृशक्तियों ने नृत्य भी किया। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग के लिए और कुवारी युवतियों ने अच्छे वर के लिए गणगौर माता से कामना भी की। यह बाना उमेश नगर से नर्मदा नगर, चाणक्यपुरी, सिल्वर ऑक्स होते हुए वापस पहुंचा। जगह-जगह स्वागत भी हुआ। महिलाओं द्वारा झाला-वारना, नृत्य एवं दोहा बोलकर गणगौर को पानी पिलाया गया। इस अवसर पर ज्योति नागोरी, आशा साबू, सरिता जैन, सरला साबू, राधा भंडारी, मोना परवाल, भारती परतानी, प्रीति लाहौटी, आशा गुप्ता, मिथलेश दीक्षित, पदमा महाजन, वीणा अग्रवाल, चंचल जोशी, ईशा शर्मा उपस्थिति रही।



## बोहरा समाज ने मुस्लिम समाजजनों के साथ किया रोज़ा इफ्तार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बोहरा समाज ने रमज़ान के पवित्र महीने में मुस्लिम प्रबुद्धजनों के लिए सैफी नगर में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया। मजहर हुसैन सेठजीवाला ने बताया कि इफ्तार आयोजन में शहरकाजी डॉ. इशरतअली, ज़ीशान आमीर, डॉ ज़ावेद नकवी, जावेद, सादिक खान आदि उपस्थित थे।



## जागृति महिला मंडल का आयोजन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जागृति महिला मंडल ने गणगौर बाना निकाला गणगौर माता का विशेष शृंगार किया गया। जगह-जगह स्वागत हुआ। रचना गुप्ता ने बताया कि अतिथि अंजलि संजय शुक्ला, राखी विजयवर्गीय, सीमा प्रजापति, मीना, नम्रता बियाणी मौजूद थी।

# जैन संगठन में बने पदाधिकारी



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। विश्व जैन संगठन ने बैठक आयोजित कर पदाधिकारियों की नियुक्तियां भी की। अध्यक्ष मयंक जैन ने जानकारी देने के बाद पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सतीश राजावत, कोषाध्यक्ष ओम पाटोदी, मीडिया प्रभारी राजेश जैन, सचिव पारस जैन, संगठन मंत्री आकाश जैन, सहसंगठन मंत्री राहुल जैन, युवा प्रकोष्ठ में प्रभारी विशाल जैन, व्यवस्था मंत्री घनश्याम जैन, संयोजक अशोक सामरिया एवं वीरेन्द्र सोगानी, मनीष जैन, संजय जैन, सुनील जैन, अमित जैन को बनाया।



## अग्रसेन क्लब का फाग उत्सव

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अग्रसेन क्लब ने फाग उत्सव का आयोजन मोदी परिसर में किया। फाग उत्सव की मस्ती पर नृत्य भी किया गया। जगदीश गोयल, रामबाबू अग्रवाल, शैलेष प्रीति गर्ग, मृदुल अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## क्रीड़ा भारती मालवा प्रांत की बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। क्रीड़ा भारती मालवा प्रांत से जुड़े हरदीपसिंह रुप्पल ने बताया कि वार्षिक नियोजन बैठक भारती गणपुले की मौजूदगी में खेल परिसर में आयोजित की गई।



# सरयू पारिण ब्राह्मण समाज ने मनाया उत्सव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



सरयू पारिण ब्राह्मण समाज के फाग उत्सव में गायक सोनू दुबे के धार्मिक गीत और फाग गीत पर नृत्य किया गया। सत्यभामा शुक्ला, पूनम शुक्ला, कल्पना पाण्डेय, रश्मि तिवारी, सरीता दुबे, गीता शुक्ला, प्रगति तिवारी, संतोषी दुबे, नीता मिश्रा, शीला मिश्रा, कांति पाण्डेय, कंचन मिश्रा, सीमा शुक्ला, सुनीता पाण्डेय, अनूप शुक्ला, अशोक पाण्डेय, नितिन मिश्रा, सुरेन्द्र मिश्रा, चंद्रमोहन दुबे, राकेश पांडे, गौतम तिवारी, अल्केश पांडे, वेदप्रकाश शुक्ला, सुरेशप्रसाद पांडे, अवधेश शुक्ला, निर्मल दुबे, शरद तिवारी, ओपी मिश्रा, पंकज पांडे, अनिल पांडे, सचिन मिश्रा, जनकलाल मिश्रा, विष्णुप्रसाद पांडे, कल्पनाथ पांडे, मदनमोहन पाठक मौजूद थे।

## बाना में अखंड सुहाग की कामना

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। द इंदौर रॉयल क्वींस ने गणगौर महोत्सव में सत्यनारायण मंदिर से हंसदास मठ तक अखंड सुहाग की कामना को लेकर गणगौर माता के जयकारों के साथ बाना निकाला। 250 मातृशक्तियां मौजूद रही। शीतल शर्मा, रिंकू तिवारी, चिंकू मारवाल, कविता मिश्रा अर्चना शर्मा, पूजा मनोज, निर्मला चौबे, सरिताज शर्मा, राजकुमारी शर्मा, गायत्री शर्मा, सविता महेश, सुनीता शर्मा, मंजू मारवाल, अंशु दीक्षित, पूनम शर्मा, सविता सुरेश उपस्थित थी।








# बच्चों ने रखा पहला रोजा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुस्लिम समाज के बच्चे भी रमजान माह में रोजा रख इबादत करते है। अतीफा इमरान खान 9 साल और आलिया शानू खान 9 साल, हसन शानू खान, हसनेन इमरान खान 5 साल ने रोजा रखा। इश्तियाक अहमद ने बताया कि रोजा इफ्तार का आयोजन भी किया गया जिसमें निकट के लोग मौजूद रहे।

# मां कर्मा देवी को याद किया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज सिलावटपुरा के तत्वावधान में शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती पर कलश यात्रा मध्य क्षेत्र में निकाली गई। कई मंचों से स्वागत भी हुआ। तैलिक साहू समाज के 28 संगठनों ने शिरकत की।मां की आरती की गई। भोजन का आयोजन भी किया गया। कई राजेताओं की मौजूदगी रही। धीरज साहू, पुरुषोत्तम साहू, योगेश साहू, मुन्नालाल अमीरचंद साहू, मुन्नालाल हल्कू राम साहू, एडवोकेट भूपेंद्र साहू, देवेंद्र रामचंद्र साहू, मुकेश साहू, कमल मांगीलाल साहू, प्रदीप साहू, कमल साहू, निलेश साहू, बंसी साहू, भावना सुरेश साहू, घनश्याम साहू, हरिप्रसाद साहू, जमुना प्रसाद साहू, हरिओम साहू, संतोष साहू सोनू, महिला शक्ति में बबीता साहू, सीमा साहू, कला साहू, विनीता साहू, मंजू साहू मौजूद रहे।



## ग़ार्डन पर मनाया गणगौर पर्व

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सारस्वत ब्राह्मण महिला मंडल का गणगौर महोत्सव स्कीम 71 गार्डन पर मनाया। ढोल-ढमाके के साथ बाना निकाला, पति के नाम के साथ दोहे सुनाए। कुंवारी युवतियों ने अच्छे वर की कामना गणगौर माता से की। उमा बोहरा, सरोज भण्डिया, कृष्णा उपाध्याय, सुनीता ओझा, रत्ना पांडे, जया ओझा, चन्द्रकला ओझा, प्रतिभा ओझा, संगीता उपाध्याय, मीना तुगनावत मौजूद थी।

## गोधा को बधाई

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** दिगम्बर जैन समाज के सामाजिक संसद के चुनाव में अध्यक्ष पद पर विजयी हुए आनन्द गोधा को सामाजिक कार्यकर्ता निलेश सेठी ने बधाई दी है। इनके अध्यक्ष बनने से युवा वर्ग को नई चेतना व समाज को नई दिशा मिलेगी।

## प्रियांशी को बेस्ट स्पीकर अवार्ड



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तीन छात्राओं प्रियांशी जैन, हंसिका व्यास और आर्ची मण्डलोई ने गवर्नमेंट न्यू लॉ कॉलेज इन्दौर का नेशनल मूड़ कोर्ट काम्पिटीशन जीतकर सफलता प्राप्त की। प्रियांशी जैन ने इस स्पर्धा में बेस्ट स्पीकर का अवार्ड भी अपने नाम किया। स्पर्धा के जज इन्दौर के एडीशनल सालिसिटर जनरल रवि सेठी थे एवं न्यायाधीश श्री सूर्यकुमार यादव ने अवार्ड प्रदान किए।

## स्वर्णकार समाज लगाएगा स्वास्थ्य शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जगदीश मंदिर छत्रीबाग मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकारा मेवाड़ा समाज जगदीश मंदिर कार्यकारिणी सदस्यों की मौजूदगी में 22 मार्च को दोपहर 12 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होगा। मातृशक्तियां भी मौजूद रहेगी।



# गणगौर बाना का स्वागत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** माया-श्याम सांस्कृतिक पारमार्थिक संस्था द्वारा गेंदेश्वर मंदिर से गणगौर बाना निकाला गया। महिलाएं गणगौर माता और ईशर जी को लेकर गेंदेश्वर मंदिर से विभिन्न मार्गो से होते हुए कनकेश्वरी माता मंदिर पहुंची, रास्ते में जगह-जगह स्वागत हुआ। माया शर्मा, करुणा शर्मा, कमलेश तिवारी, बबीता-प्रदीप उपाध्याय की मौजूदगी में विजेता टीना, प्रीति पंचोली, सरिता उपाध्याय, निकिता शर्मा, आरती जोशी को सम्मानित किया गया।

# खातेगांव-कन्नौद क्षेत्र के प्रवासियों का समागम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।**




इन्दौर में निवासरत खातेगांव, कन्नौद और सतवास तहसील के मूल निवासी ब्राह्मण समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन गार्डन में संपन्न हुआ। देवास जिले के खातेगांव, कन्नौद, सतवास क्षेत्र के इन्दौर में रह रहे प्रवासियों का समागम भी हुआ। राजेश हरदेनिया, प्रद्युम्न दीक्षित, संजय परसाई, मनोज तिवारी,राजेश तिवारी, डॉ. नम्रता तिवारी, नमन तिवारी, माहिमन तिवारी, राहुल और रोहित तिवारी, डॉ. सुभाष जोशी, विजय पाण्डे, डॉ. आनंद मिश्रा, नंदकिशोर तिवारी, विशाल पाण्डे, सोनू पाण्डे, डॉ. प्रखर मिश्रा, अशोक उपाध्याय, महेंद्र श्रोत्रिय, संतोष उपाध्याय, गजानंद चौबे ने अपनी भूमिका इस समागम और सम्मेलन में निभाई। 450 परिवार इस समागम में एकजुट दिखे।

# दवे और पचौरी बने पुनः पदाधिकारी




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महालक्ष्मी नगर रहवासी संघ के चुनाव में अभय माधव दवे दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि ब्रजेश पचौरी लगातार तीसरी बार सचिव, मंगलेश सक्सेना को उपाध्यक्ष, शैलेंद्र निगम को सह सचिव तथा गोविंद बियाणी को कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. नीहार गीते, श्वेता खत्री, अजय खरे, ऋषि कुमार सिंघई, विश्वास द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, अरुण कुमार कराहे, दुष्यंत शर्मा, रूपेश मथानकर एवं उमेश बागद्रे चुने गए। चुनाव प्रक्रिया सहकारिता विभाग के अधिकारी आशीष सेठिया के निर्देशन में हुई।



# राम कथा का बप्पा को निमंत्रण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हुजूरगंज स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में नौ दिवसीय श्री राम कथा 23 मार्च से होगी जिसका प्रथम निमंत्रण संतों की मौजूदगी में खजराना गणेश को अर्पित किया। सुमित अवस्थी, शैलेन्द्र तिवारी, सोनू नामदेव, शिवेश तिवारी, बबलू भदोरिया, अजय अवस्थी, अनील राठौड़, राजा नामदेव, सुभम यादव, दिनेश शर्मा, आकाश तोंडे, मितेश जैन, विनोद सरेल मौजूद थे।

# पंचायत का प्रांतीय अभ्यास वर्ग



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. ग्राहक पंचायत, मालवा प्रांत का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग आयोजित किया गया। कई मुद्दों पर मार्गदर्शन और चर्चा का आयोजन भी हुआ। विनय पिंगले ने संघ की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुकेश कौशल, योगेश त्रिवेदी, डीजी मिश्र, बहादुरसिंह राजपूत, अजय रघुवंशी, देवेन्द्रसिंह सिसोदिया, सुहास पुंडलिक, डॉ. दिलीप मांदलिया, मनोज पंवार, संध्या पंगारे, विनोद ठाकुर, कीर्ति दीक्षित, ज्योति माहेश्वरी, नर्मदा डोलेकर, अभिष्ट मिश्रा, दुर्गेश सोनी, अरुण पाण्डे, मनोज पंवार ने अपनी भूमिका निभाई।

## ब्राह्मण समाज मूसाखेड़ी ने किया आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्राह्मण समाज संगठन मूसाखेड़ी ने राधा-कृष्ण फाग उत्सव किया। स्वामी जानकी प्रपन्नाचार्य महाराज, बीके शर्मा, द्वारकाप्रसाद पाठक, पुष्पेंद्र रिछारिया, मनोज पाण्डेय, अखिलेश पांडे, मंडल अध्यक्ष दीपक राजोरिया, पार्षद मलखान कटारिया, जसराज शर्मा, रेमसिंह बघेल, शालिग्राम दुबे, मुन्नालाल दुबे सहित अन्य मौजूद थे।

# समाज और सरकार मिलकर बचाएंगे बूंद-बूंद पानी-मुख्यमंत्री

**मंगलवार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव म.प्र. में जल गंगा संवर्धन 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत 19 मार्च से कर रहे है। 30 जून तक यह अभियान चलेगा। यह तीसरा जल गंगा संवर्धन अभियान है। इस अभियान के माध्यम से मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश में बूंद-बूंद पानी बचाने की कारगर कोशिश जनता को साथ लेकर करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए बूंद-बूंद बचाने का हमारा संकल्प है।

म.प्र. नदियों का मायका है और जल आत्मनिर्भरता रहेगी और प्रदेश भी समृद्ध बनेगा। इस जल गंगा 100 दिवसीय अभियान में 2500 करोड़ रुपए से जल बचाने के काम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में सरकार की बडी तैयारी बूंद-बूंद पानी बचाने को लेकर दिख रही है। समाजजनों के साथ सरकार मिलकर बूंद-बूंद बचाने का काम करेगी और इसी प्रयास से मध्यप्रदेश जल समृद्धि की दिशा में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को पानी बचाने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना होगा, तभी मध्यप्रदेश जल संचयन और प्रबंधन में देश का एक आदर्श मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलगत जरूरतों की पूर्ति और भावी पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों की सुरक्षा की मंशा से मध्यप्रदेश सरकार एक बार फिर बड़े पैमाने पर जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री 19 मार्च को उज्जैन की शिप्रा नदी तट से बूंद-बूंद पानी बचाओ 100 दिवसीय अभियान की शुरुआत करेंगे। कई संगठन, पंचायत, जनता, शासकीय विभाग की साझेदारी इस अभियान में रहेगी। डॉ. मोहन यादव का यही लक्ष्य है कि जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी है। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस महाअभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में श्रमदान कर तालाब और कुओं की सफाई की जाए। वर्षा जल के संचयन की व्यवस्था घरों में बनाई जाए। जल स्त्रोतों के आस-पास स्वच्छता बनाए रखें। यह अभियान दो दिन 55 जिलों में एक साथ चलेगा।



# समय-सीमा और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा

## निराकरण नहीं होने पर कार्रवाई के दिए कलेक्टर ने निर्देश



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने कलेक्टर कार्यालय में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन से जुड़े प्रकरणों और समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन से जुड़े सभी मामलों का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। लंबित प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित 5 मामलों को रेंडम रूप से लेकर उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे 'संकल्प से समाधान' अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित और शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आगामी ब्लॉक स्तरीय शिविरों में सभी एसडीएम और जिला स्तरीय अधिकारियों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर वर्मा ने सभी विभागों को अपने शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। इसके अलावा हाल ही में प्रारंभ किए गए विशेष राजस्व अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट पर बैठक



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के संबंध में एशियन विकास बैंक के विशेषज्ञों के साथ बैठक आयोजित की गई। पायलट सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक परिवहन के आसपास सुनियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ ही आवासीय, व्यावसायिक एवं सार्वजनिक सुविधाओं का समन्वित विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीओडी से जुड़े कार्यों के लिए समन्वय बनाकर प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ट्रांजिट-ओरिएंटेड डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत इंदौर को पायलट सिटी के रूप में चयनित किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत एशियन विकास बैंक द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिसके लिए आर्थिक मामलों के विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक अफेयर्स), भारत सरकार के साथ समझौता भी किया गया है। बैठक में एडीबी की तकनीकी टीम ने नगर निगम, नगर एवं ग्राम निवेश, मेट्रो, इंदौर विकास प्राधिकरण तथा अन्य संबंधित विभागों के नामित प्रतिनिधियों के साथ टीओडी की अवधारणा, इसके क्रियान्वयन की संभावनाओं तथा मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन के आसपास सुनियोजित विकास के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# आकाशवाणी में आज शाम लोकरंग उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आकाशवाणी केन्द्र इंदौर द्वारा आज शाम 7.30 बजे से मालवा हाउस, रेसीडेंसी एरिया में लोकरंग उत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री संस्कृति सलाहकार म.प्र. निदेशक श्रीराम तिवारी तथा राजेश सिंह कुशवाह रहेंगे। आकाशवाणी केन्द्र इंदौर के कार्यक्रम प्रमुख राजेश पाठक ने बताया कि इस लोकरंग उत्सव में हरिहरेश्वर पोद्दार द्वारा मालवी लोकगीत एवं नृत्य, पूर्णिमा चतुर्वेदी द्वारा निमाड़ी लोकगीत एवं नृत्य, रामप्रसाद अहिरवार द्वारा बुन्देलखण्ड लोकगीत एवं नृत्य तथा बलिराम धुर्वे गोंड़ी गीत-नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे।

# बारिश से पहले वार्ड 51 के आठ सौ से ज्यादा परिवारों के लिए दोहरी खुशी का मौका

## आलोकनगर में सालों पुरानी क्षतिग्रस्त जल निकासी लाइन बदलकर नई सड़क का भी होगा निर्माण



**इंदौर।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 की आलोक नगर कालोनी में रहने वाले 800 से ज्यादा परिवारों के लिए बारिश से पहले दोहरी खुशी का मौका है। यहां आने वाले दिनों में आलोक नगर में बरसों पुरानी क्षतिग्रस्त जल निकासी की लाइन बदलकर निगम आने वाले दिनों में जल्द नई लाइन बिछाने का काम शुरू करेगा। क्षेत्र के रहवासियों की लंबे समय की मांग के बाद गली नंबर 1 से लेकर 8 तक मुख्य सड़क पर सालों पुरानी जल निकासी की लाइन बदलकर नई जल निकासी लाइन बिछाने के साथ नई सड़क का निर्माण भी करेगा। जिससे क्षेत्र के रहवासियों को एक साथ दोहरा लाभ मिलेगा।

**लंबे समय से लोग कर रहे थे नई सड़क निर्माण की मांग-** दरअसल वार्ड क्रमांक 51 के आलोक नगर क्षेत्र में रहने वाले करीब 800 से ज्यादा परिवार के लोग लंबे समय से क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया एवं विधायक महेंद्र हार्डिया से सालों पुरानी ड्रेनेज लाइन बदलकर नई लाइन डालने के साथ नई सड़क निर्माण को लेकर भी मांग कर रहे थे। वहीं अब क्षेत्रिय पार्षद कटारिया के प्रयासों से सालों क्षेत्र की दुर्दशा अब जाकर बदलने वाली है। जिसके तहत पहले चरण में क्षतिग्रस्त लाइन बदलने के बाद जल्द निगम यहां आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में सीमेंट सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू करेगा। जिसको लेकर पिछले दिनों मंजूरी के बाद निविदा प्रक्रिया सहित अन्य प्रक्रिया होने के बाद आने वाले दिनों में बारिश से पहले जल्द यहां काम शुरू होगा। ताकि क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल सके।

## संपादकीय

## प्राचीन धारणाओं से क्वांटम रहस्यों तक, सत्य की खोज में विज्ञान का रोमांचक सफर

जब वैज्ञानिकों ने परमाणु और उससे छोटे कणों की दुनिया को समझने का प्रयास किया, तो उन्हें पता चला कि सूक्ष्म स्तर पर प्रकृति का व्यवहार सामान्य अनुभव से भिन्न है। मनुष्य की जिज्ञासा जितनी पुरानी है, उतनी ही पुरानी है सत्य की खोज। आकाश में चमकते तारों, नदियों के प्रवाह और प्रकृति की अनगिनत घटनाओं को देखकर मनुष्य के मन में सदैव यह प्रश्न उठता रहा है कि क्या इस संसार का कोई 'अंतिम सत्य' भी है। विज्ञान इसी जिज्ञासा की संगठित और तर्कसंगत अभिव्यक्ति है। विज्ञान का इतिहास बताता है कि यह अंतिम सत्य की घोषणा करने के बजाय सत्य की निरंतर खोज की प्रक्रिया है। विज्ञान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह किसी भी ज्ञान को अंतिम नहीं मानता। हर सिद्धांत, नियम और निष्कर्ष को प्रमाण और प्रयोग की कसौटी पर परखा जाता है। इसलिए आज स्थापित धारणाएं भविष्य में नए प्रमाणों के सामने संशोधित या परिवर्तित हो सकती हैं। इतिहास के उदाहरण स्पष्ट करते हैं कि विज्ञान में सत्य स्थिर नहीं बल्कि विकसित होने वाली अवधारणा है। प्राचीन काल में यह माना जाता था कि पृथ्वी ब्रह्मांड का केंद्र है और सूर्य तथा अन्य ग्रह उसके चारों ओर घूमते हैं। बाद में खगोलीय अध्ययन और गणनाओं के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि सूर्य केंद्र में है और पृथ्वी सहित अन्य ग्रह उसके चारों ओर परिक्रमा करते हैं। यह परिवर्तन मानव ज्ञान की दिशा ही बदलने वाला था। गति और बल के संबंध में 'न्यूटन के गति के नियम' लंबे समय तक अंतिम नियम माने जाते रहे। मगर बीसवीं शताब्दी में अल्बर्ट आइंस्टीन ने 'सापेक्षता का सिद्धांत' प्रस्तुत किया, जिससे यह पता चला कि अत्यधिक वेग या गुरुत्वाकर्षण में न्यूटन के नियम पूरी तरह पर्याप्त नहीं हैं। इसका मतलब यह नहीं कि न्यूटन गलत थे, बल्कि यह कि उनके नियम एक विशेष सीमा तक ही लागू होते हैं। जब वैज्ञानिकों ने परमाणु और उससे छोटे कणों की दुनिया को समझने का प्रयास किया, तो उन्हें पता चला कि सूक्ष्म स्तर पर प्रकृति का व्यवहार सामान्य अनुभव से भिन्न है। इसे समझाने के लिए 'क्वांटम मैकेनिक्स' का विकास हुआ। इस सिद्धांत ने दिखाया कि सूक्ष्म जगत में कणों का व्यवहार संभावनाओं पर आधारित होता है और कभी-कभी एक ही कण तरंग और कण दोनों की तरह व्यवहार कर सकता है।

# कोचिंग जा रही नाबालिग से छेड़छाड़ विरोध करने पर परिवार पर किया घायल

**इन्दौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और उसके परिवार पर जानलेवा हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल किशोरी के साथ अश्लील हरकत की, बल्कि विरोध करने पर उसके माता-पिता को चाकू और डंडों से घायल कर दिया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत उसके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ पोक्सो एक्ट और मारपीट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, ग्राम अलवासा नयापुरा निवासी 13 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह जब कोचिंग जा रही थी, तब आरोपी इमरान पिता अनीस खान ने उसका रास्ता रोका। इमरान ने पीड़िता से कहा कि 'वह उसे पसंद करता है' और फिर बुरी नीयत से उसे टच किया। पीड़िता ने जब भागकर अपने माता-पिता को यह बात बताई, तो विवाद और बढ़ गया। पीड़िता के माता-पिता जब इस बात का विरोध करने इमरान के घर पहुंचे, तो इमरान और उसके परिवार वाले गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गए। आरोपी इमरान ने घर में रखा सब्जी काटने वाला चाकू निकाला और किशोरी पर हमला करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आई पीड़िता की माँ के दाहिने हाथ में चाकू लगने से वे लहूलुहान हो गईं।वारदात के दौरान इमरान के साथ उसके पिता अनीस खान, माँ परवीन और शालू ने भी पीड़िता के पिता के साथ जमकर मारपीट की। पीड़ित परिवार जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहां से भागा। भागते समय आरोपियों ने धमकी दी कि आज के बाद झगड़ा किया या पुलिस को बताया तो जान से खत्म कर देंगे।

## फल लेने रुके व्यक्ति का बैग ले उड़ा बदमाश, दस्तावेज और नकदी चोरी

**इन्दौर।** अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के सुदामा नगर स्थित सेठी गेट के पास एक व्यक्ति की कार से अज्ञात बदमाश ने बैग पार कर दिया। बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ नकदी भी रखी हुई थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार, वीआईपी परस्पर नगर निवासी चन्द्रमोहन सिंह पिता नाहरसिंह सोलंकी ने शिकायत दर्ज कराई है। चन्द्रमोहन सिंह अपनी कार से जा रहे थे, तभी सुदामा नगर के पास सेठी गेट के समीप वह फल खरीदने के लिए रुके थे। उन्होंने अपनी कार खड़ी की और फल लेने लगे।फल खरीदने के दौरान उनकी नजर अपनी कार से हटी और इसी का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने कार के भीतर रखा ब्राउन रंग का बैग चोरी कर लिया। बैग में जरूरी दस्तावेज और नकदी रखी हुई थी। जब चन्द्रमोहन वापस कार के पास पहुँचे, तो उन्हें बैग गायब मिला। आसपास पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं लगा।

## बातों में उलझाकर ऑटो चालक ने महिला के बैग से उड़ाए डेढ़ लाख के जेवर

**इन्दौर।** कोतवाली थाना इलाके के रानीपुरा बाजार में एक ऑटो रिक्शा चालक ने शातिर तरीके से महिला यात्री को अपना निशाना बनाया। चालक ने महिला को अपनी बातों के जाल में उलझाया और बैग में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये के सोने के जेवर व नगदी लेकर चंपत हो गया। सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने अज्ञात रिक्शा चालक के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, केसर बाग रोड निवासी नीतू पति कार्तिकेय चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह 11 मार्च को अपनी बहन के साथ खरीदारी करने के लिए रानीपुरा बाजार आई थीं। उनके पास एक बैग था, जिसमें 18 सोने के मोती, एक सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठियां और 5 हजार रुपये नगद रखे हुए थे।फरियादी नीतू ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5 बजे उन्होंने घर जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा को रोका और उसे केसर बाग रोड छोड़ने के लिए कहा। सफर के दौरान रिक्शा चालक ने उन्हें अपनी बातों में उलझा लिया। इसी बीच मौका पाकर उसने शातिर तरीके से बैग चोरी कर लिया। जब महिला को बैग गायब होने का अहसास हुआ, तब तक आरोपी चालक वहां से भाग चुका था।सेंट्रल कोतवाली पुलिस ने चोरी की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस अब रानीपुरा और केसर बाग रोड के बीच के सभी प्रमुख रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि ऑटो रिक्शा के नंबर और चालक के हुलिए की पहचान की जा सके।

## प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर योजना अंतर्गत संचालित प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के तहत इंदौर विकासखंड के सेक्टर हातोद के ग्राम कलारिया में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। डॉ. दिनेश चौधरी, राजेश सिसोदिया, नरेन्द्र शर्मा, कोमल सिसौदिया, बबली राठौर, मुकेश, प्रवेश शर्मा मौजूद थे।

## घर के बाहर पटाखे फोड़ने पर विवाद, भाइयों को पीटा

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत महालक्ष्मी नगर में पटाखे फोड़ने जैसी मामूली बात पर दो पक्षों के बीच हिंसक विवाद हो गया। कार खड़ी होने और पटाखे चलाने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने पड़ोस में रहने वाले दो भाइयों के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, महालक्ष्मी नगर निवासी सचिन वर्मा उर्फ कुमावत ने शिकायत दर्ज कराई है। सचिन ने बताया कि गत 8 मार्च की रात करीब 11 बजे क्रिकेट मैच खत्म होने के बाद वह अपने घर के सामने परिवार के साथ पटाखे फोड़कर खुशियां मना रहा था। उसी स्थान पर आरोपी शिलोम की कार सहित अन्य वाहन भी खड़े थे।पटाखे फोड़ने की बात को लेकर शिलोम जेम्स और सचिन के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते शिलोम और उसके दोस्त विकाश सोनी ने अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया। जब सचिन के भाई सुमित कुमावत ने विरोध किया, तो दोनों आरोपियों ने मिलकर भाइयों के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित का आरोप है कि जाते-जाते शिलोम और विकाश सोनी ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि 'अगर अगली बार कुछ बोला, तो जान से खत्म कर देंगे।' लसूड़िया पुलिस ने सचिन की शिकायत पर आरोपी शिलोम जेम्स और विकाश सोनी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेत में मवेशी घुसने पर चली कुल्हाड़ी

**इंदौर।** चन्द्रावतीगंज थाना इलाके में मारपीट और हमले की एक घटना सामने आई है।

फरियादी केशव पिता रघुवीर वर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके खेत में मवेशी घुसने की बात को लेकर पड़ोसी सुरेश पिता कन्हैया लाल वर्मा से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि सुरेश ने केशव पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया और उसे जख्मी कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## प्रत्येक विधानसभा में आयोजित होंगे कृषि सम्मेलन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय सभागार भोपाल में कृषक कल्याण वर्ष में सक्रिय सहभागिता जुटाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए कृषि अभिमुखीकरण कार्यशाला में कहा कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में विभिन्न विभाग मिलकर कृषि विकास और कृषक कल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सभी उपायों पर क्रियान्वयन तेज किया जाएगा। कृषक कल्याण वर्ष का लाभ किसानों के परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मध्यप्रदेश, देश का इकलौता राज्य है, जो 5 रुपए में किसानों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध करवा रहा है। ये किसानों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रत्येक विधानसभा में कृषि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसके लिए कृषि विभाग 5 लाख रुपए भी देगा।

## शराब माफिया का पुलिस पर हमला, पथराव में थाना प्रभारी जख्मी

**इन्दौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरोठ में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर हमले की घटना सामने आई है। घेराबंदी के दौरान कुख्यात शराब तस्कर और उसके साथियों ने पुलिसबल पर पथराव कर दिया। अचानक हुए इस हमले में सांवेर टीआई घायल हो गए।बताते है कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सिमरोठ में अवैध शराब के बड़े जखीरे पर दबिश दी गई थी। जैसे ही टीम ने घेरा डाला, अंधेरे का लाभ उठाते हुए आरोपियों ने पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में टीआई गिरजाशंकर महोबिया घायल हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब जब्त की है। फरार आरोपी तूफान सिंह और उसके 7-8 साथियों के विरुद्ध शासकीय कार्य में बाधा और आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | |
|---|---|
| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
| 157400 | 157170 |
| सिल्वर कैश | एमसीएक्स |
| 255500 | 261820 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# भव्य की आकर्षक पारी से इन्दौर कोल्ट्स सेमीफायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में नायर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एनासीए अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा में इन्दौर कोल्टस एवं आरबीसीएफ के मध्य मैच खेला गया जिसमें इंदौर कोल्ट्स ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 260 रन बनाये । भव्य चौहल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आकर्षक शतक 114 रन एवं सार्थक वर्मा ने 42 रनों का योगदान दिया। अर्नव घोडगांवकर ने 4 विकेट लिये । जवाब में आरबीसीएफ की टीम 49 ओवरो में 254 रनों पर सिमट गई और यह मैच 6 रनों के मामूली अंतर से हार गई। सुमित गुप्ता ने आक्रामक 95 रन एवं सौरिश चैनानी ने 32 रन बनाये। रौनिक अगलेचा ने 3 विकेट एवं सार्थक वर्मा ने 2 विकेट लिये।





## एमवायसीसी सेमीफायनल में

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं श्रीराम स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में 222 रन बनाये। आरध्य आदिवाल ने 67 एवं आदित्य सोलंकी ने 40 रन बनाये। जतिन परमार ने 4 विकेट लिये । जवाब में श्रीराम स्पोर्ट्स की टीम 42 ओवरो में 175 रनों पर सिमट गई और यह मैच 47 रनों के अंतर से हार गई। हर्ष मंगीयानी ने 94 रन बनाये। सक्षम सोलंकी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।

## यश कुमार की घातक गेंदबाजी







**इसी** स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एलएसजीसीए एवं देव्ज एकेडमी के मध्य खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 47 ओवरो मे 220 रन बनाये । अनय मिश्रा ने शानदार 101 रनों का योगदान दिया । यश कुमार ने 5 विकेट लिये । जवाब में एलएसजीसीए की टीम ने 47 ओवरो में 7 विकेट खोकर 222 रन बनाकर यह मैच 3 विकेट से रोमांचक अंदाज में जीत लिया । हिमांशु सोनेर ने 78 रन एवं बालकृष्ण ने 56 रनों का योगदान दिया । मोहित व आरव ने 2-2 विकेट लिये।

# पी.एस.पी.बी, प.बंगाल व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की टीमें अंतिम मुकाबले में



**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87वी सीनीयर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में पुरुष टीम वर्ग में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड व पश्चिम बंगाल एवं महिला वर्ग के टीम मुकाबलों में पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड एवं रिजर्व बेंक ऑफ इंडिया ने अंतिम मुकाबलें में प्रवेश किया।

अभय प्रशाल में खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में पुरुष टीम वर्ग के सेमीफायनल मुकाबले में पीएसपीबी ने तेलंगाना को 3-0 से, पराजित किया। पायस जैन ने मो.अली को 11-7, 9-11, 11-6, 11-7 से, मानव ठक्कर ने स्नेहित को 11-7, 11-7, 7-11, 11-13, 11-4 से, हरमित देसाई ने एस.चैधरी को 11-7, 8-11, 11-8, 11-6 से पराजित कर टीम को सफलता दिलाई। पुरुष टीम वर्ग के दुसरे सेमीफायनल मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने आरएसपीबी को 3-2 से पराजित किया। अनिकेत सेन पराजित विरूद्ध रोनित भांजा 5-11, 11-5, 12-14, 7-11 से, अंकुर भट्टाचार्जी ने अनिरबन घोष को 11-3, 11-4, 11-7 से, भंखदीप दास पराजित विरूद्ध जीत चंद्रा 11-8, 4-11, 6-11, 6-11 से, अंकुर ने रोनित को 12-10, 11-4, 10-12, 11-6 से व अनिकेत ने अनिरबन को 11-7, 5-11, 11-5, 11-7 से पराजित कर टीम को अंतिम मुकाबलें में प्रवेष कराया। महिला टीम वर्ग के सेमीफायनल में पीएसपीबी ने उत्तर प्रदेश को 3-0 से पराजित किया। सिंड्रेला दास ने अवनि त्रिपाठी को 11-8, 11-6, 11-5 से, तनिषा कोटेचा ने आरती चैधरी को 12-10, 11-7, 9-11, 10-12, 12-10 से, सयाली वाणी ने दीषा को 11-7, 11-2, 9-11, 14-12 से हराकर टीम को सफलता दिलाई। महिला टीम वर्ग के दुसरे सेमीफायनल मुकाबलें में आरबीआई ने कर्नाटक को 3-1 से हराया। दिया चितले ने के.विष्वनाथ को 11-6, 11-5, 11-8 से, अहिका मुखर्जी ने के. तनिष्का को 11-5, 11-4, 11-7 से, निखत बानु पराजित विरूद्ध तृप्ति पुरोहित 16-18, 16-14, 11-8, 8-11, 7-11 से, दिया ने के.तनिष्का को 11-5, 10-12, 11-8, 11-6 से पराजित कर टीम को अंतिम मुकाबलें में पहुंचाया।

# मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 के लिए शुरू किया अभ्यास

**मुंबई।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मुंबई में आईपीएल 2026 के लिए अपना प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप शुरू किया है। सोमवार को मुंबई में आधिकारिक प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप शुरू हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने फिटनेस, एजिलिटी ड्रिल्स और स्किल सेशन पूरे किए। पांच बार की चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिये अभ्यास शुरू कर दिया। पहले सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने मैदान पर मौजूद रहे। उनके साथ गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे और लसिथ मलिंगा, फील्डिंग कोच कार्ल हॉपकिंसन के साथ-साथ पूरी स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग और फिजियोथेरेपी सहयोगी टीमें भी मौजूद रहीं। हालांकि टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या अभी तक टीम से जुड़े नहीं हैं। अभ्यास के लिये पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे । रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पांड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा, सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है । खिलाड़ी आते हैं, ऊर्जा का संचार होता है और अच्छे प्रदर्शन पर जोर रहता है। हमारे पास मुंबई इंडियंस के साथ काफी समय से जुड़े खिलाड़ी और कुछ नये चेहरे भी हैं। मुंबई इंडियंस को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स से खेलना है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

# जिला फुटबाल संघ की नई कार्यकारिणी घोषित







**इंदौर।** मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा लोकतांत्रिक एवं निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के अंतर्गत इंदौर जिला फुटबॉल संघ की चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई, जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर रमेश मेंदोला एवं सचिव पद पर नीरज शर्मा निर्वाचित हुए । इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया को नियुक्त किया गया। साथ ही संघ के कुल 24 अन्य पदाधिकारियों का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें उपाध्यक्षः अमित शुक्ला, सुरेश डामोर, गीता वर्मा, अशोक कुमार पिल्ले, प्रवीण कांबले, मो. इनामुलहक, रमन वर्मा,कोषाध्यक्ष संदीप जयसवाल, सह-सचिव अविनाश यादव, विक्रम शक्तावत, अलका रायकवार, नीरज संकत, अलका वर्मा, आकाश पिल्ले, मो. रमीज राजा, विवेक नायडू, कार्यालय सचिव शैलेन्द्र वर्मा, सदस्य सचिन चौहान, शेख मो. सलीम, विनोद मुकाती, गोपाल धवन, मो. अमीन, फिओन जोसफ, विकास। इंदौर जिला फुटबॉल संघ की प्रथम कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष रमेश मेंदोला एवं सचिव नीरज शर्मा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इंदौर जिले में फुटबॉल गतिविधियों को अधिक सुदृढ़, संगठित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर विभिन्न सब-कमेटियों का गठन किया गया है, जिसमें इंदौर प्रभारी का कार्यभार राकेश सिरसिया को सौंपा गया है।

# चिकित्सक ने दिया महिलाओं को परामर्श

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना शिंदे ने ब्रह्मबाग क्षेत्र में आयोजित निशुल्क शिविर में परामर्श दिया, निशुल्क दवाइयों का वितरण किया, जांचों पर छूट भी दी गई। डॉ वंदना शिंदे ने शिविर में उपस्थित महिलाओं को बांझपन बार-बार गर्भपात और ब्रेस्ट वह सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों के प्रति जागरूक किया इसके साथ किशोरियों और मेनॉपोज की दौर से गुजर रही महिलाओं को विशेष स्वास्थ्य सलाह दी गई। डॉ. वंदना शिंदे ने कहा अक्सर महिलाएं अपनी छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं को नजरअंदाज करती है जो बाद में गंभीर रूप ले लेती है। इस शिविर का उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराना है।



## राज्यस्तरीय पोस्टर प्रतियोगिता में शहर की रानी को दूसरा स्थान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय विद्यालयों में जनवरी माह में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसकी श्रेष्ट प्रविष्टियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार भोपाल में दिया गया। शहर की शासकीय प्राथमिक विद्यालय नया बसेरा की छात्रा रानी चौधरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रानी कक्षा 4थी की छात्रा है। खाद्य मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर सम्मानित किया।

## सीखो कमाओ योजना में आवेदन की अंतिम तिथि आज

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में 150 प्रशिक्षु पदों के लिए बुलाए गए आवेदनों के संबंध में अंतिम तिथि आज 17 मार्च नियत हैं। एक वर्ष की आन द जाब ट्रेनिंग के लिए अकाउंट एक्जिक्यूटिव, कम्प्यूटर आपरेटर, प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली मैंटनेंस, स्टेनो हिंदी एवं अंग्रेजी के पदों के लिए आवेदन आज रात 12 बजे तक ऑन लाइन जमा कराए जा सकते है।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती रानी वर्मा पति सोनू वर्मा** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखण्ड नम्बर 574 उत्तर दिशा का भाग द्वारकापुरी कालोनी इन्दौर पिन नं. 1001218648 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रविन्द्र सिंह पिता श्याम सिंह भाटी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003937027 मकान नं.107 शांति ट्रेजर मूसाखेडी इंदौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**



# भारत अब ऐसा बार-बार करेगा : संजू

**चेन्नई।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में यादगार प्रदर्शन किया। वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट थे। सैमसन ने खिताबी जीत पर कहा कि भारत अब ऐसा बार-बार करेगा।

भारत की टी20 वर्ल्ड कप खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि देश आने वाले कई वर्षों तक वैश्विक क्रिकेट पर राज करने के लिए तैयार है। रविवार को बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 के मौके पर सैमसन ने भारत की जीत के सफर के दौरान अपने प्रदर्शन की तुलना एक फिल्म से की और कहा कि उन्हें अब भी इस पर यकीन नहीं हो रहा है। पिछले रविवार की जीत के बारे में पूछे जाने पर सैमसन ने कहा, ''अब भी जब मैं सुबह उठता हूं तो सोचता हूं कि 'क्या सच में ऐसा हुआ है?' ईमानदारी से कहूं तो यही अहसास है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मुझे लगता है कि हमारे देश में जिस तरह के बेहतरीन खिलाड़ी हैं उसे देखते हुए आने वाले वर्षों में यह जीत बार-बार दोहराई जाएगी। जिस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ी सामने आ रहे हैं उसे देखते हुए भारत निश्चित रूप से अब ऐसा बार-बार करेगा।''

### फिर अचानक टीम चाहती थी कि मैं...

सैमसन ने कहा, मैं अपने देश के लिए विश्व कप जीतना चाहता था लेकिन इसकी अपनी ही एक योजना थी, अपनी ही एक कहानी थी। तो यह कुछ-कुछ एक फिल्म जैसा था। मुझे इसमें मजा आया। केरल के इस सीधे-सादे स्टार ने खेल पर अपनी छाप छोड़ने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और टी20 विश्व कप उनके करियर का सबसे बेहतरीन पल था। सैमसन ने कहा, जैसा कि मैंने पहले कहा कि मैं कुछ ऐसा करना चाहता था, फिर मुझे मेरी यात्रा से हटा दिया गया और फिर अचानक टीम चाहती थी कि मैं आकर योगदान दूं और तभी मेरा मानसिक नजरिया थोड़ा बदल गया। मुझे लगता है कि उससे पहले न्यूजीलैंड सीरीज में मेरा पूरा ध्यान सिर्फ अपने ऊपर था।

### मेरा करियर इसका सबसे अच्छा उदाहरण

टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद सैमसन को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। उन्होंने सिर्फ पांच पारियों में लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाकर भारत को खिताब दिलाया। शुरुआत में टीम में जगह नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ सुपर आठ चरण के अहम मैच में, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में, और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 80 से अधिक रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया।सैमसन ने कहा कि वह भारत को विश्व कप जिताने का सपना देख रहे थे। उन्होंने कहा, बिल्कुल, मुझे लगता है कि आप वही सपना देखते हैं जहां आप जाना चाहते हैं लेकिन यह तय नहीं है कि आप उस रास्ते पर चल पाएं। इसलिए मेरी जिंदगी या मेरा करियर इसका सबसे अच्छा उदाहरण रहा है। मैं निश्चित रूप से कुछ साल पहले ऐसा करना चाहता था।

उन्होंने कहा, लेकिन विश्व कप में पूरा ध्यान टीम पर था। मैं सोचता था कि टीम को किस चीज की जरूरत है और जिम्बाब्वे के मैच में, ठीक उसी पल से हर कोई चाहता था कि मैं टीम में योगदान दूं। मुझे अपनी भूमिका निभानी थी। तभी यह बदलाव आया और यह आत्मविश्वास जागा कि ठीक है 'टीम को तुम्हारी जरूरत है, संजू' और चलो वह करते हैं जो तुम सबसे अच्छा कर सकते हो। तो यहीं से सब कुछ शुरू हुआ। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस जीत को एक 'चमत्कार' बताया क्योंकि वह टूर्नामेंट के लिए शुरुआती टीम का हिस्सा भी नहीं थे और उन्हें चोटिल हर्षित राणा की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा, मैं शुरुआती टीम में नहीं था और फिर मुझे मौका मिला, मैंने एक मैच खेला और अब मैं विश्व कप जीतने वाली दो टीम का हिस्सा बन चुका हूं। मैं तो कहूंगा कि यह मेरे लिए एक चमत्कार है।

# ईशान बन सकते हैं सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान

**नई दिल्ली।** ईशान किशन आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान बन सकते हैं। टीम के नियमित कप्तान पैट कमिंस की उपलब्धता को लेकर संशय है, ऐसे में विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन को कप्तानी की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है।

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईपीएल 2026 में कप्तानी करते हुए नजर आ सकते हैं। ईशान किशन को सनराइजर्स हैदराबाद फ्रेंचाइजी अपना नया कप्तान बना सकती है। क्योंकि अभी तक पैट कमिंस के टीम से जुड़ने को लेकर कोई अपडेट नहीं आई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सनराइजर्स मैनेजमेंट ने कप्तानी को लेकर ईशान किशन से बात भी कर ली है और वह इस पद के लिए बेहतर विकल्प हैं।

**आईपीएल में किशन का है शानदार रिकॉर्ड-** ईशान किशन पिछले कुछ महीने से शानदार फॉर्म में हैं। ईशान किशन हाल ही में टी20 विश्व कप 2026 का खिताब जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे। ईशान किशन आईपीएल में भी कई विस्फोटक पारियां खेल चुके हैं और बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज काफी सफल रहे हैं। 119 आईपीएल मैचों में उन्होंने 2998 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 29.10 और स्ट्राइक रेट 137.64 का रहा है। उन्होंने आईपीएल में एक शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं। किशन ने 288 चौके और 134 छक्के जड़े हैं। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस, गुजरात लायंस और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं।



**आईसीसी की विश्व कप टीम में भी मिली थी जगह-** रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की 2026 टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। किशन टूर्नामेंट में 317 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे। उन्होंने 193.29 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए टीम के शीर्ष क्रम को मजबूत किया। किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ पारी का आगाज करते हुए 77 रन बनाए। उन्होंने सुपर आठ चरण से तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

**झारखंड को बनाया था चैंपियन-** ईशान किशन फिटनेस और उपलब्धता संबंधी समस्याओं के कारण करीब दो साल तक टीम से बाहर रहे। उन्होंने हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने फाइनल में शतक लगाकर झारखंड को खिताब दिलाया। पहली बार ईशान किशन की कप्तानी में झारखंड ने दिसंबर 2025 को हरियाणा को 69 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जीता। आईपीएल 28 मार्च से शुरू होगा जिसमें मौजूदा चैंपियन आरसीबी उद्घाटन मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगा। यह मैच पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# गंभीर ने माना, एक इंसान के तौर पर उनसे भी गलतियां हो सकती हैं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ अपने रिश्तों और उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर चल रही खबरों पर पहली बार खुलकर चुप्पी तोड़ी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के निराशाजनक परिणाम के बाद से गंभीर और टीम के वरिष्ठ सितारों के बीच मतभेद की खबरें सुर्खियों में थीं, जिस पर गंभीर ने स्वीकार किया कि एक इंसान के तौर पर उनसे भी गलतियां हो सकती हैं।

जब गंभीर से विराट और रोहित के साथ उनके कथित अनबन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बड़ी बेबाकी से जवाब दिया। गंभीर ने कहा, 'मैं एक इंसान हूं और मुझे भी दूसरों की तरह गलतियां करने की अनुमति दी जानी चाहिए। खिलाड़ियों से गलतियां होती हैं, और शायद पिछले 18 महीनों में मुझसे भी हुई हों। मैं इससे कभी पीछे नहीं हटा, लेकिन मेरा मानना है कि सही नीयत के साथ लिया गया गलत फैसला स्वीकार्य है, पर गलत नीयत के साथ लिया गया फैसला बिल्कुल नहीं।'

विराट और रोहित के खिलाफ कोच के होने की सोशल मीडिया ट्रोलिंग और मीडिया रिपोर्ट्स पर गंभीर ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने घोषणा की, 'जब तक मैं ईमानदारी के साथ काम कर रहा हूं और ड्रेसिंग रूम में मौजूद हर व्यक्ति, चाहे वो मसाजर हो या असिस्टेंट कोच, उनके प्रति ईमानदार हूँ, तब तक मुझे लगता है कि मैं अपने पद के साथ न्याय कर रहा हूं।' गौरतलब है कि इंग्लैंड सीरीज से ठीक पहले गंभीर के कार्यकाल के पहले साल में ही दोनों दिग्गजों ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। गंभीर ने टी20 वर्ल्ड कप अभियान के दौरान संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन में वापस लाने के फैसले पर भी चर्चा की। उन्होंने उन चर्चाओं को खारिज कर दिया कि यह फैसला शीर्ष क्रम के तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों के क्रम को तोड़ने के लिए था। गंभीर ने बताया, हमारा विचार केवल विस्फोटक होना था। पिछले डेढ़ साल से हमारी विचारधारा यही रही है कि मैदान पर जाकर जितना हो सके उतना आक्रामक क्रिकेट खेलें।

# इंदौर में आयोजित हुई प्रथम मध्य प्रदेश पैरा लॉन बॉल्स राज्य चैंपियनशिप

**इंदौर।** पैरा खेलों के क्षेत्र में इंदौर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम मध्य प्रदेश पैरा लॉन बॉल्स राज्य चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप का आयोजन मध्य प्रदेश पैरा लॉन बॉल्स एसोसिएशन द्वारा किया गया, जो राज्य में पैरा लॉन बॉल्स खेल के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों इंदौर, उज्जैन, रतलाम, शिवपुरी, धार, ग्वालियर, महू से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन बी3, बी6, बी7 और बी8 वर्गों में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने कौशल, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी वर्गों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जो इस खेल के प्रति उनकी मेहनत और बढ़ती रुचि को दर्शाता है।

इस प्रतियोगिता का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा खिलाड़ियों का वर्गीकरण (क्लासिफिकेशन) रहा, जिसे अमित कुमार (हरियाणा )द्वारा किया गया। खिलाड़ियों के सही वर्गीकरण के कारण प्रतियोगिता निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकी। कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी बनाते हुए लॉन बॉल्स के कोच धनंजय मांदले ने पैरा लॉन बॉल्स खेल पर एक जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया, जिससे खिलाड़ियों एवं अधिकारियों को विशेष लाभ मिला। समापन समारोह में मेडी कैप्स इंटर नेशनल स्कूल के खेल अधिकारी भावेश बुंदेला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके समर्पण और जुझारू भावना की सराहना की। इस अवसर पर सूर्यदत्त जोशी, सचिव, मध्य प्रदेश पैरा लॉन बॉल्स एसोसिएशन, भी उपस्थित रहे और आयोजन की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।




कार्यक्रम का संचालन अभय प्रताप सिंह द्वारा प्रभावी रूप से किया गया, वहीं कार्यक्रम के अंत में सक्षम प्रजापति ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस चैंपियनशिप का सफल आयोजन मध्य प्रदेश में पैरा लॉन बॉल खेल के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार सिद्ध हुआ है और आने वाले समय में अधिक से अधिक खिलाड़ियों को इस खेल से जुड़ने और प्रतिस्पर्धात्मक स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# चोर ने अपनी पसंद और साइज के कपड़े चुराए, नकदी पर किया हाथ साफ





## गोकुलधाम अपार्टमेंट में दुकान का शटर उचकाकर की वारदात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक बार फिर पुलिस गश्त को चुनौती दी है। गुमास्ता नगर स्थित एक अपार्टमेंट की दुकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाश शटर उचकाकर भीतर दाखिल हुए और वहां रखी नकदी व कीमती कपड़े चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, चोरी की यह घटना गोकुलधाम अपार्टमेंट, गुमास्ता नगर में हुई। यहाँ स्थित दुकान जी सच्चानंद के संचालक मनीष कुमार पिता श्यामलाल बत्रा निवासी द्वारकापुरी जब सुबह अपनी दुकान पर पहुँचे, तो उन्हें शटर मुड़ा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो सारा सामान अस्त-व्यस्त था और गल्ले में रखी नकदी गायब थी। फरियादी मनीष कुमार ने पुलिस को बताया कि बदमाश दुकान का शटर उचकाकर अंदर घुसे थे। चोरों ने न केवल गल्ले में रखी नगदी पर हाथ साफ किया, बल्कि दुकान में बिक्री के लिए रखे कीमती कपड़े भी बटोर ले गए। वारदात के बाद बदमाश आसानी से मौके से फरार होने में कामयाब रहे। द्वारकापुरी पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस गोकुलधाम अपार्टमेंट और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के हुलिए और उनके भागने के रास्ते का पता लगाया जा सके।

### चोर ने अपनी साइज के कपड़े भी चुराए

फरियादी ने अपनी दुकान के सीसीटीवी फुटेज में देखा कि एक चोर अन्दर घुसा और दूसरा चोर बाहर झाड़ी कर रहा था, जो चोर अन्दर था उसने नकदी साफ करने के बाद कपड़े भी चुराए। महत्वपूर्ण बात यह रही कि चोर ने अपनी साइज और पसंद के कपड़े छांटे और उसे भी चुराकर साथ ले गया, जिससे वह चोर कपड़े को पहन सके। जिस समय चोरी की घटना को अंजाम चोर ने दिया उस समय वह अन्दर अपने शर्ट की कॉलर को सीधा कर मुंह को ढंकने की कोशिश पूरे समय करता रहा।

# प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग, लाखों का माल जलकर खाक

**इन्दौर।** सांवेर रोड इलाके में बीती रात एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों रुपये का कच्चा और तैयार माल जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड को रात करीब 10:20 बजे सूचना मिली कि सांवेर रोड स्थित महालक्ष्मी नाम की फैक्ट्री में आग लगी है। उप निरीक्षक दुबे के नेतृत्व में दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुँचे। फैक्ट्री से ऊंची लपटें और काला धुआं उठता देख दमकल की कई गाड़ियों को मोर्चे पर लगाया गया। टीम ने चारों ओर से पानी की बौछारें कर आग को पास की अन्य फैक्ट्रियों में फैलने से रोका।फैक्ट्री संचालक योगेश पिता अशोक पंजाबी है।आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फैक्ट्री में भारी मात्रा में जूते-चप्पल, प्लास्टिक का रॉ मटेरियल और अन्य तैयार सामान रखा हुआ था। शॉर्ट सर्किट को आग लगने की प्रारंभिक वजह माना जा रहा है। एक अन्य घटना बीती रात न्यू देवास रोड स्थित एक दुकान में हुई। यहाँ दुकान से धुआं निकलता देख क्षेत्र के लोगों ने तत्काल मोर्चा संभाला और फायर ब्रिगेड के पहुँचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। समय रहते सक्रियता दिखाने से बड़ा हादसा टल गया और दुकान के भीतर रखा कीमती सामान सुरक्षित बच गया।

# 'चिकन खत्म हो गया' कहने पर दुकान संचालक और भाई पर चाकू से हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**देपालपुर थाना क्षेत्र में एक बेहद मामूली बात पर खूनी संघर्ष का मामला सामने आया है। चिकन की दुकान पर स्टॉक खत्म होने की बात कहने पर तीन युवकों ने दुकान संचालक और उसके चचेरे भाई पर डंडे और चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम मिर्जापुर की है। फरियादी कालू पिता मोहनलाल केवट ने बताया कि 10 मार्च की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी चिकन की दुकान पर था। तभी विकास चौहान, उसका भाई आशीष और अतुल चौहान दुकान पर आए और चिकन की मांग करने लगे। कालू ने जब उन्हें बताया कि चिकन खत्म हो गया है, तो आरोपी भड़क गए और गालियां देने लगे।शोर सुनकर कालू का चचेरा भाई धर्मेंद्र वहां पहुँचा और आरोपियों को गाली देने से मना किया। इस बात पर तैश में आकर तीनों आरोपियों ने कालू और धर्मेंद्र के साथ पहले डंडों से मारपीट की और फिर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# एप्पल कंपनी के नाम पर नकली एसेसरीज बेचते 4 धराए, भारी मात्रा में फर्जी सामान जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

भंवरकुआं थाना क्षेत्र के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर एप्पल कंपनी के नाम से नकली मोबाइल एसेसरीज बेचने वाले चार दुकान संचालकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नकली लोगो, कवर और चार्जिंग एसेसरीज बरामद की हैं।

पुलिस के मुताबिक, एप्पल कंपनी के प्रतिनिधि विशाल जडेजा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित कुछ दुकानों पर कंपनी के ट्रेडमार्क का दुरुपयोग कर नकली सामान असली बताकर बेचा जा रहा है। थाना प्रभारी राजकुमार यादव के निर्देशन में उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह चौहान की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से चिन्हित दुकानों पर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनकी पहचान संतोष रावत निवासी मनावर मूसाखेड़ी, ऋतिक वाधवानी निवासी राजा बाग कॉलोनी, निलेश गौतम और अविनाश निवासी सुदामा नगर के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से एप्पल के नकली लोगो वाले मोबाइल कवर, 25 से अधिक चार्जिंग केबल, एडेप्टर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किया गया है। सभी के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

वहीं नकली सामान के खिलाफ एक अन्य कार्रवाई सेंट्रल कोतवाली पुलिस द्वारा की गई। पुलिस ने मोहन पिता ओमप्रकाश सिंधी को गिरफ्तार किया है, जो एक नामी कंपनी के रैपर का उपयोग कर नकली वाशिंग पाउडर बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 किलो से अधिक नकली पाउडर बरामद किया है। मामले में कॉपीराइट और जालसाजी की धाराओं में जांच की जा रही है।

# ज्यूस दुकान संचालक ने फांसी लगाकर दी जान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा आत्महत्या का मामला सामने आया है। ज्यूस दुकान संचालक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय उसने अपनी पत्नी और ढाई साल की मासूम बेटी को पास ही रहने वाले सास-ससुर के घर भेज दिया था। मृतक की पहचान संजू पिता रेवाराम चौहान (26) के रूप में हुई है। सोमवार शाम करीब 5 बजे संजू ने अपनी पत्नी और बच्ची को यह कहकर ससुराल भेज दिया था कि वह घर पर अकेला रहना चाहता है। शाम को जब पत्नी वापस घर लौटी, तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। काफी आवाज देने और दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं मिला, तो उसने ससुर और आसपास के लोगों को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर अंदर देखने पर संजू फंदे पर लटका हुआ मिला।संजू मूल रूप से देवास का रहने वाला था और वर्तमान में स्टार चौराहा इलाके में ज्यूस की दुकान चलाता था। इसके साथ ही वह ई-रिक्शा से संबंधित काम भी करता था। बताया जा रहा है कि सोमवार को वह काम पर नहीं गया था और घर पर ही था। सूचना मिलते ही खजराना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।बताया जा रहा है कि संजू ने 4 साल पहले प्रेम विवाह किया था। वह अपने परिवार में दो भाइयों में सबसे छोटा था और अलग रहता था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने के कारण अभी ठोस वजह स्पष्ट नहीं है।



# प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने लगाई फांसी, फंदे पर लटका मिला शव

**इन्दौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। भाग्यश्री कॉलोनी में रहने वाली एक प्रॉपर्टी ब्रोकर की पत्नी ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सुबह जब परिजनों ने शव को फंदे पर लटका देखा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतिका की पहचान संतोष कुमारी पति दीपक यादव (32) के रूप में हुई है। परिजन उन्हें आनन-फानन में गंभीर अवस्था में भंडारी अस्पताल लेकर पहुँचे थे, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया है।मृतिका के पति दीपक यादव पेशे से प्रॉपर्टी ब्रोकर हैं। परिवार में उनके अलावा देवर, सास-ससुर और दो बच्चे हैं। संतोष कुमारी ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। पुलिस को घटनास्थल से अब तक कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।